आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 5, अंक 123, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12



गुजरात के सूरत शहर में भारी बारिश से सड़कें-गलियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन से और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।

# कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

- मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

### रिश्वत में खान विभाग की उपनिदेशक निलंबित

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में दक्षिण कन्नड़ के खान और भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक कृष्णवेणी को निलंबित कर दिया है। कृष्णवेणी को 28 मई को लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विभागीय जांच भी बिठाई गई।

# ईरान के फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला

## ईरानी मीडिया ने किया दावा, इजराइल पर भी मिसाइलों की बौछार

दुबई, एजेंसी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

वियना में, संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को अमेरिका द्वारा बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र में भारी क्षति हुई होगी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उपयोग किए गए विस्फोटक पेलोड को देखते हुए बहुत अधिक क्षति होने की आशंका है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से हाथ मिलाते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

### ईरानी सुरक्षा बलों को अमेरिकी ठिकानों पर हमले की छूट

सोमवार को, ईरानी सैन्यकर्मियों के संयुक्त प्रमुख जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। पश्चिम एशिया में हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रविवार को हमले किए थे।

### पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री को दिया तनाव घटाने में मदद का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।

# राज्य में खेल अकादमी, विश्वविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज जल्द : मुख्यमंत्री

- धामी ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मुख्य संवाददाता, देहरादून



एक खिलाड़ी को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों, खेल विश्वविद्यालय हल्द्वानी तथा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ खेल भावना की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन खेल भावना, एकता और शांति के मूल्यों को समर्पित है। ओलंपिक केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समर्पण, साधना और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हुए है। भारत अब खेलों में केवल भागीदार नहीं, बल्कि विजेता के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2023 के एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ओलंपिक 2020 के लिए भारत के 126 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया, जो देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया। इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल मौजूद रहे।

### पदक विजेताओं को मिल रहीं ये सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल नीति के अंतर्गत राज्य सरकार पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खेल भत्ता तथा उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार जैसी योजनाएं संचालित कर रही है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटा लागू है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3900 तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2155 खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा रही है।

# भूस्खलन में महिला समेत तीन लोगों की गई जान, एक को बचाया गया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- चमोली और उत्तरकाशी में दो जगह भूस्खलन, पिता-पुत्री घायल

**अमृत विचार :** चमोली और उत्तरकाशी में भूस्खलन के दो अलग मामलों में एक महिला श्रद्धालु समेत तीन की मौत हो गई जबकि एक यात्री को बचा लिया गया। चमोली में बदरीनाथ हाइवे पर जोशीमठ और पीपलकोटी के बीच पातालगंगा के पास अचानक हुए भूस्खलन में एक कार मलबे की चपेट में आ गई।

कार में सवार फतेहाबाद (हरियाणा) निवासी शिल्पा (36) की मौत हो गई जबकि उनके पति अंकित (40) तथा 10 वर्षीय पुत्री ख्वाहिश घायल हो गई। उधर, उत्तरकाशी में यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर 9 कैंची भैरव मंदिर के पास सोमवार शाम भूस्खलन होने से मलबे में 3-4 तीर्थयात्री दब गए। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दो शवों को बरामद कर लिया। बताया गया कि शव क्षतविक्षत होने के चलते उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इनमें एक शव बच्ची का बताया गया। वहीं, मुंबई निवासी 60 वर्षीय रशिक को बचा लिया गया जिन्हें पीएचसी जानकी चट्टी में भर्ती कराया गया। एसडीएम बृजेश तिवारी ने बताया कि यमुनोत्री धाम की ओर फंसे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला जा रहा है। यमुनोत्री और जानकीचट्टी जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### टिहरी में बस पलटी

**देहरादून।** सोमवार शाम करीब 4 बजे टिहरी के देवप्रयाग में कौड़ियाला (महादेवचट्टी) के पास एक निजी बस के ब्रेक फेल हो गए। गनीमत रही कि बस सड़क पर ही पलट गई। यह बस कर्णप्रयाग से ऋषिकेश जा रही थी। बस में 30 सवारी थीं जिनमें से दो घायल हो गए।

# भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

# वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

- बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी (उप्र), एजेंसी



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

# तकनीकी खामी के चलते एयर इंडिया की दुबई फ्लाइट रद्द

जयपुर/जम्मू, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

### उड़ान से पहले रोकी इंडिगो की फ्लाइट

**इंदौर।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था।

# 11 जुलाई से शुरू होगा कांवड़ मेला

**देहरादून।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध कांवड़ मेला 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होगा। पंचक अवधि 13 से 17 जुलाई तक रहेगी जबकि डाक कांवड़ का दौर 20 से 23 जुलाई तक चलेगा। श्रावण शिवरात्रि का जलाभिषेक 23 जुलाई को होगा।

उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को समीक्षा बैठक में उच्च अधिकारियों को उत्तर प्रदेश से संबंधित और अंतर्जनपदीय मसलों पर समय रहते विचार-विमर्श करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कांवड़ मेले के प्रबंधन हेतु मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टरों में बांटा गया है। (विस्तृत पेज-10)

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर हाईकोर्ट की रोक

## आरक्षण को नियमों के तहत नहीं पाया खंडपीठ ने, सरकार को जल्द से जल्द जवाब देने के निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने सोमवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में आरक्षण को नियमों के तहत नहीं पाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। खंडपीठ ने गणेश दत्त कांडपाल व वीरेन्द्र बुटोला की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी करते हुए सरकार से जल्द से जल्द जवाब मांगा है।



याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि सरकार ने प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जो आरक्षण तय किया है, वह गलत है। सरकार ने आरक्षण नियमावली का गजट नोटिफिकेशन नहीं किया इसलिए आरक्षण प्रक्रिया गलत है। इस बिन्दु पर खंडपीठ ने बीती 20 जून को सुनवाई कर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। सोमवार को सरकार इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।

वहीं, सरकार की तरफ से कहा गया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव घोषित हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इसमें अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से कहा गया कि पूरी मशीनरी चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त है, ऐसे में रोक लगाना गलत है। अधिवक्ता अनिल जोशी ने बताया कि अदालत ने अंत में पूरी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। साथ ही, सरकार से कहा है कि वह जल्द से जल्द जवाब पेश करे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत सरकार ने दो दिन पूर्व चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की। साथ ही, चुनाव आचार संहिता भी लागू की गई है।

(आज पेश होगा गजट नोटिफिकेशन, पेज-2)

### याचिका में यह भी कहा गया

याचिका में कहा गया कि, सरकार ने बीती नौ जून को एक आदेश जारी कर पंचायत चुनाव के लिए नई नियमावली बनाई। साथ ही, 11 जून को आदेश जारी कर अब तक पंचायत चुनाव के लिए लागू आरक्षण रोटेशन को शून्य घोषित करते हुए इस वर्ष से नया रोटेशन लागू करने का निर्णय लिया जबकि हाईकोर्ट ने पहले से ही इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इस आदेश से पिछले तीन कार्यकाल से जो सीट आरक्षित वर्ग में थी, वह चौथी बार भी आरक्षित कर दी गई है। इस कारण वे पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले पा रहे हैं।

ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में सैलानियों की भीड़ उमड़ना जारी, 1500 से अधिक वाहनों ने नगर में किया प्रवेश

# मानसून भी रोक नहीं पाया सैलानियों की राह

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में बारिश के दौरान छाता लगाकर आवाजाही करते पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में गरज के साथ बरसता मानसून भी सैलानियों की राह नहीं रोक पाया है। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के अंतिम पड़ाव में सैलानियों की भीड़ उमड़ना जारी है। इसके चलते नगर की रौनक बरकरार है।

सोमवार सुबह से देर रात तक सैलानियों का पहुंचना जारी रहा। हालांकि वर्षा के चलते अनुमान लगाए जा रहे थे कि अब सैलानियों आमद सिमट जाएगी। मगर 15 सौ अधिक पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। लगभग 10 हजार सैलानी नगर में पहुंचे हैं। जिसके नगर की संकरी सड़कों में जाम लगता रहा और सैलानियों समेत स्थानीय लोग परेशान होते रहे। तेज बरसा के बावजूद स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व वॉटरफॉल में सैलानियों का पहुंचना जारी रहा। मालरोड व भोटिया बाजार में छाता व बरसाती पहने सैलानी टहलते नजर आए। जिस कारण नगर की रौनक बरकरार रही और पर्यटन से होटल, रेस्टोरेंट व गिफ्ट सेंटरों की आय में इजाफा बरकरार रहा। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार सैलानियों की आमद में मामूली गिरावट रही, जोकि वीकेंड के बाद हर सोमवार को रहती है।

उधर, सरोवर नगरी में मानसून ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। सोमवार को हल्की से तेज बारिश का क्रम पूरे दिन चला। सड़कों में जलभराव और उफनाए नालों ने थमने का नाम नहीं लिया। शाम 5 बजे मौसम खुलने के बाद वर्षा से राहत मिली। मानसून सुबह से ही आवेग में नजर आने लगा था और मध्यम रिमझिम बारिश शुरू हो गई। दिन चढ़ने के साथ बारिश और अधिक तेज हो गई। दिन गुजर गया, लेकिन मानसून की रफ्तार कम होने की जगह तेज होती चली गई। बारिश का खमियाजा दिहाड़ी मजदूरों को भुगतना पड़ा, जो मजदूरी से विरत रहे। नौका चालकों की कमाई प्रभावित हुई। पर्यटन स्थलों समेत आउटडोर पर्यटन से जुड़े फोटोग्राफर व भुट्टा बेचने वाले कारोबारियों की आय भी प्रभावित हुई।



**शिष्टाचार भेंट : देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की पूर्व संध्या पर सोमवार को ज्ञान एवं अध्यात्म की पावन धरा वाराणसी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें पवित्र चारधाम का प्रसाद भी भेंट किया। इस दौरान भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंत्री और संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### हरेले मेले के आयोजन स्थल में बदलाव की उठाई मांग

**भीमताल :** भीमताल में 16 जुलाई से आरंभ होने वाले हरेले मेले के आयोजन स्थल को बदलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय सभासद शुभम नैनवाल ने जिला प्रशासन से इस बार हरेले मेले को रामलीला ग्राउंड में न आयोजित कर जिला प्रशासन द्वारा स्थाई रूप से तैयार की गई पार्किंग में आयोजित करने की मांग की है। इस मांग के संदर्भ में सभासद ने अवगत कराया कि हरेले मिले की व्यापकता और फैलाव प्रत्येक वर्ष बढ़ते जा रहा है, जबकि रामलीला ग्राउंड का क्षेत्रफल उतना ही है। प्रत्येक वर्ष मेले में आने वाले ग्रामीणों की संख्या बढ़ रही हैं और दुकानदारों की संख्या भी लगातार बढ़ रही हैं। मेले की व्यापकता को देखते हुए उन्होंने इसको खुले और बड़े मैदान में आयोजित करने की मांग की है।

### जाम से दिलाएं निजात वरना होगा धरना-प्रदर्शन

**भीमताल :** नैनीताल जाते समय जाम लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। जाम की वजह से कुमाऊं विवि के छात्र-छात्राएं भी प्रभावित हो रहे हैं। खैरना गरमपानी से आने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूट गई थी। छात्र हर्षित शर्मा, हर्ष नौलिया, देव चौहान व अभिषेक बिष्ट ने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। यदि जल्द ही इस मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# योजना: अब प्रत्येक जिले में बनाए जाएंगे दो-दो आदर्श गांव: मुख्यमंत्री

## सीएम धामी के निर्देश-सारकोट की तर्ज पर बनें गांव, सख्ती से कराएं कानून-व्यवस्था का पालन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सारकोट की तर्ज पर राज्य के प्रत्येक जिले में दो-दो आदर्श गांव बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में उच्चाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा है कि इन गांवों में समग्र विकास एवं आजीविका संवर्द्धन की योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''विकसित भारत'' विजन के अनुरूप ''विकसित उत्तराखंड'' की दिशा में तेजी से कार्य करने के लिए सभी अधिकारी पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से जुटे रहें। बैठक में मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर कानून-व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि धामों व यात्रा मार्गों पर अशांति पैदा करने वाले एवं अवांछित गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर घोषित दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों का शीघ्र चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। कहा कि साहसिक पर्यटन को और अधिक बढ़ावा देने को नए डेस्टिनेशन विकसित करने पर भी प्राथमिकता से काम करें ताकि क्षेत्रीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। बैठक में सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, धीराज गर्ब्याल, एडीजी एपी अंशुमान, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

### इन आदर्श गांवों में यह होगा

मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जिले में बनाए जाने वाले दो-दो आदर्श ग्रामों में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मौनपालन, डेयरी विकास, मशरूम उत्पादन जैसे संभावनाशील क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के साथ ही इन गांवों के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए इंटीग्रेटेड एप्रोच अपनाकर प्रभावी कदम उठाए जाएं। स्थानीय शैली एवं संस्कृति का पूर्ण ध्यान रखते हुए इन गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### त्रिस्तरीय योजनाएं बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन ढांचे को मजबूती प्रदान करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करें। उन्होंने हनोल एवं जागेश्वर के मास्टर प्लान तथा हरिपुर कालसी घाट निर्माण की योजना पर तेजी से कार्य करने के साथ ही यात्रा मार्ग से जुड़े गांवों को होमस्टे योजना से लाभान्वित करने पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

### सौर ऊर्जा से करें गांवों को रोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उत्पादित सौर ऊर्जा के माध्यम से इन गांवों को रोशन करने की व्यवस्था करें। इन गांवों में स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था करने और स्वयं सहायता समूहों को पर्याप्त प्रोत्साहन देकर आजीविका के अवसरों में वृद्धि तथा आर्थिक विकास को गति देने वाली गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जाए।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपते प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस करण माहरा।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आरक्षण रोस्टर व चुनाव मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** कांग्रेस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार से भेंट कर आरक्षण रोस्टर व चुनाव मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने आरोप लगाते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के आरक्षण में रोस्टर शून्य करने से पूरे राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्गों सहित सामान्य वर्ग की सीटों का आरक्षण भी गड़बड़ा गया है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी कर दिया किन्तु अभी तक लोगों को मतदाता सूचियां उपलब्ध नहीं कराई गईं हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि आरक्षण के अलावा वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं। यह भी आरोप लगाया कि हाल में संपन्न नगर निकाय चुनावों में नगरीय मतदाता के रूप में जिन्होंने मतदान किया, उनको अब ग्रामीण पंचायत चुनावों के लिए तैयार मतदाता सूचियों में मतदाता बना दिया गया। ऐसे मतदाताओं को पंचायत चुनाव में मतदान करने व चुनाव लड़ने से निषेध करने के आदेश पीठासीन अधिकारियों को दिए जाएं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक विक्रम सिंह नेगी, लखपत बुटोला सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# करंट लगने से महिला और दो बच्चे घायल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत ग्राम पंचायत डहरा के तोक चौपड़िया में करंट की चपेट में आने से एक महिला, उसकी पुत्री व पुत्र घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया है।

पूर्व प्रधान मनोज चनौतिया ने बताया कि गांव निवासी अर्जुन उम्र 12 वर्ष घर के आंगन में था। तभी आंगन के समीप से गुजर रहे बिजली के तार से उसे करंट लग गया। उसे बचाई आने उसकी 18 वर्षीय बहन पिंकी भी करंट की चपेट में आ गई। बाद में उनकी माता पुष्पा देवी ने दोनों बचाने का प्रयास किया, लेकिन भी करंट की चपेट में आ गई। तीनों को उपचार के लिए बेस अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने विभाग पर ग्रामीणों की शिकायत पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। कई बार इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया कि अब इस मुद्दे पर आंदोलन किया जाएगा।

> करंट लगने की खबर मिली थी। बिजली की तार काफी दूर है। घर को जो केबल है, उसमें दिक्कत है। कपड़े सुखाने के लिए जिस तार का प्रयोग किया गया है, वह भी कंडेक्टर है। केबल को बदला जा रहा है। -**काजल रैकुनी,** उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग, भीमताल

## सचिव गृह ने की विजिलेंस की समीक्षा

**देहरादून, अमृत विचार :** सचिव गृह शैलेश बगौली ने सोमवार को सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा में निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए। विजिलेंस के कतिपय मामले अधिक समय से लम्बित होने पर सचिव ने चिंता जताते हुए इन प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने को प्रणाली में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने प्रकरणों को तेजी से निस्तारित करने के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का प्रयोग करते हुए नवाचारी तरीके अपनाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को रिमाइंडर भेजें।

# प्रतियोगिता से संस्कृति और पर्यटन बढ़ाने का हो रहा प्रयास

- कंटेंट क्रिएटर्स प्रति. में 110 प्रविष्टियां, 26 को निर्णायक समिति की बैठक
- यूएफडीसी के सीईओ बंशीधर तिवारी ने दी जानकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



सीईओ बंशीधर तिवारी।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद (यूएफडीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बंशीधर तिवारी के अनुसार, ''कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025''के उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए हैं। उन्होंने सोमवार को बताया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसी वर्ष 6 मार्च को उत्तराखंड में शीतकालीन प्रवास के दौरान कंटेंट क्रिएशन पर जोर देने का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुषकर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य की संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को आमंत्रित करते हुए कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025 के उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए हैं। प्रतियोगिता को लेकर कंटेंट क्रिएटर्स द्वारा उत्साह दिखाया गया। इस प्रतियोगिता में 110 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें 56 रील्स और 54 शार्ट फिल्म की श्रेणी में हैं।

### 5-5 लाख रुपये के मिलेंगे दो पुरस्कार

प्रतियोगिता में मुख्यत: 8 श्रेणी (कैटेगरी) के तहत 1 मिनट तक रील और 5 मिनट तक की शार्ट फिल्मों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, इनमें 1. उत्तराखंडी पारंपरिक खानपान, 2. उत्तराखंड होमस्टे, 3. उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन, 4. उत्तराखंड में अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध पौराणिक मंदिर एवं तीर्थाटन, 5. उत्तराखंड आयुष एवं वेलनेस, 6. उत्तराखंड अनछुए मनोरम पर्यटन स्थल, 7. उत्तराखंड साहसिक पर्यटन स्थल (अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध), 8. उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेशन आदि शामिल हैं। प्रत्येक श्रेणी में 5-5 लाख रुपये के दो-दो पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# सपनों को साकार करने का साहस रखें विद्यार्थी

संवाददाता, भीमताल



डॉ. रवि मार्गसहायम को प्रतीक चिन्ह भेंट करते निदेशक कर्नल अनिल नय्यर।

**अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में नासा के केनेडी स्पेस सेंटर फ्लोरिडा (अमेरिका) में स्पेस शटल एवं स्टेशन कार्यक्रमों से जुड़े वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रवि मार्गसहायम ने विद्यार्थियों से संवाद किया। डॉ. मार्गसहायम का स्वागत निदेशक सेवानिवृत्त कर्नल अनिल नय्यर ने किया।

ग्राफिक एरा डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी देहरादून के एयरोस्पेस विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर जोशी ने डॉ. मार्गसहायम के प्रेरणादायक जीवन और उपलब्धियों का परिचय दिया। डॉ.मार्गसहायम ने कल्पना चावला से जुड़ी अपनी यादों को साझा करते हुए कहा कि उनके और कल्पना के सपने समान थे। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि जीवन में बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने का साहस रखें। उन्होंने अंतरिक्ष अभियानों से जुड़े कई रोमांचक वीडियो भी दिखाए।

सुनवाई | उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में अवर अभियंताओं की हड़ताल संबंधी याचिका पर हुई सुनवाई

# हड़ताली कर्मियों से वार्ता कर जवाब दें डीएम : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) में तीनों निगमों के जूनियर इंजीनियरों (जेई) की हड़ताल के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई कर हड़ताली संगठन को नोटिस जारी कर डीएम देहरादून को निर्देश दिए हैं कि वे हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता कर जवाब प्रस्तुत करें।

याचिकाकर्ता हरसुल शर्मा ने कहा कि, यूपीसीएल के तीनों निगमो के जेई बीती 5 जून से विभिन्न मांगों को हड़ताल पर हैं। अभी तक सरकार ने उनके विवाद को नहीं सुलझाया जिसका खामियाजा निर्दोष जनता को भुगतना पड़ रहा है।

बिजली कटौती से सभी परेशानी झेल रहे हैं जबकि राज्य में चारधाम यात्रा गतिमान है। कोर्ट से प्रार्थना की गई कि राज्य सरकार को निर्देश दें कि इनकी हड़ताल शीघ्र समाप्त कराई जाए।

### खनन पर स्थिति से अवगत कराएं

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने ऊधमसिंह नगर जिले के ग्राम खुशालपुर में अवैध रूप से खनन कार्यों संबंधी याचिका पर सुनवाई कर संबंधित को बुधवार तक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 जून की तिथि नियत की गई है। याचिकाकर्ता जसवंत सिंह ने याचिका में आरोप लगाया कि खनन कारोबारियों को नदियों व तालाबों में खनन की अनुमति दी गयी और तय मानकों के अनुरूप 12 से 15 फीट तक खनन करने के मानक निर्धारित तय किए गए लेकिन आवंटित क्षेत्रों के अलावा मानकों के खिलाफ जाकर 20 से 25 फीट तक अवैध खनन कर लिया गया। अब इससे जुड़ी कृषि भूमि पर भी खनन करने से ग्रामीणों की कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। खनन से भूजल स्तर गिरने से ग्रामीणों क्षेत्रों में पानी की समस्या हो गई है।



### विंडलास को नहीं मिली राहत

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने देहरादून के बिल्डर एवं उद्योगपति सुधीर कुमार विंडलास की तीसरी जमानत याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सुधीर विंडलास व उनके दो अन्य साथियों को फिलहाल कोई राहत न देते हुए अगली सुनवाई हेतु जुलाई प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुधीर कुमार की तरफ से कहा गया कि उनकी उम्र 72 साल की हो चुकी है। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कोर्ट के आदेश पर उनका उपचार हिमालयन हॉस्पिटल देहरादून में हो रहा है इसलिए उनकी जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जाए।

### अवैध नियुक्तियों में 1 सप्ताह बाद होगी सुनवाई

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने विधानसभा सचिवालय में हुईं अवैध नियुक्तियों के खिलाफ दायर जनहित याचिकाओ पर सुनवाई के बाद अगली सुनवाई को एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। सोमवार को याचिकाकर्ता अभिनव थापर व बैजनाथ की तरफ से कहा गया कि इस मामले में कई बार सुनवाई हो चुकी है इसलिए मुकदमे की शीघ्र सुनवाई की जाए। कोर्ट के पास समय कम रहने के कारण अगली सुनवाई हेतु एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है।

# पंचायत चुनाव: आज पेश होगी अधिसूचना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पंचायती राज सचिव चंद्रेश कुमार ने दी जानकारी
- अधिसूचना की प्रति प्रिंटिंग के लिए राजकीय प्रेस रुड़की में गतिमान

**अमृत विचार :** पंचायती राज सचिव चंद्रेश कुमार ने कहा कि प्रचलित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था से संबंधित अधिसूचना (गजट नोटिफिकेशन) की प्रति वर्तमान में रुड़की स्थित सरकारी मुद्रणालय में है जिसे आज (मंगलवार) को हाईकोर्ट के सम्मुख पेश किया जाएगा।

सचिव कुमार ने कहा कि चुनावों में आरक्षण व्यवस्था से संबंधित नियमावली की अधिसूचना प्रक्रिया गतिमान है। हाईकोर्ट द्वारा वर्तमान में पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया पर अंतरिम आदेश (स्थगन) पारित किया गया है, जिसकी समुचित रूप से अनुपालना की जा रही है। आरक्षण नियमावली 2025 की गजट नोटिफिकेशन की प्रति प्रिंटिंग के लिए राजकीय प्रेस रुड़की में गतिमान है, जिसे शीघ्र जारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ताकि स्थिति से अवगत कराते हुए उचित न्यायिक मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार न्यायालय की पूर्ण गरिमा एवं निर्देशों का सम्मान करते हुए पंचायतीराज व्यवस्था को संविधान व विधि सम्मत रूप से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 25 को सीएम धामी करेंगे सम्मानित

**देहरादून :** आपातकाल लागू किए जाने की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 25 जून को मुख्यमंत्री आवास में राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आपातकाल के दौरान मीसा एवं डीआईआर में निरूद्ध रहे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की पत्नी अथवा पति को सम्मानित करने के साथ ही आपातकाल के दौर के अनुभवों को साझा किया जाएगा। इस मौके पर राज्य में सभी जिलों में भी व्यापक जनसहभागिता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही पचास स्थानों पर आपातकाल को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में अपर सचिव गृह निवेदित कुकरेती की अध्यक्षता में बैठक हुई।

**आज का मौसम**

आसमान में बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 19.15

**आज के कार्यक्रम**

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में अतिक्रमण की सुनवाई को लेकर कैंप लगाएगा 10 बजे
- ओपन बालक एवं बालिकाओं निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम में होगी 4 बजे

### वर्तमान में 1355 कैमरों से हो रही निगरानी और ट्रैफिक कंट्रोल, एसपी क्राइम बोले- जल्द देहरादून की तर्ज पर सीसीटीवी से काटे जाएंगे चालान

# सीसीटीवी कैमरों से भी होंगे चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** पुलिस के सीसीटीवी अभी या तो अभी ट्रैफिक कंट्रोल के काम में लाए जाते हैं या फिर अपराधियों की धरपकड़ के काम में आते हैं, लेकिन जल्द ही सीसीटीवी कैमरे पुलिस के काम को और हल्का करने वाले हैं। ये कैमरे अब यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहनों के चालान भी काटेंगे। हालांकि अभी कुछ स्थानों पर ऐसे कैमरे लगे हैं, लेकिन ये कैमरे संभागीय परिवहन विभाग के हैं।

एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ.जगदीश चंद्र ने बताया कि नैनीताल जिले में यातायात कंट्रोल और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस कुल 1355 सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल करती है। इसमें से 502 सीसीटीवी पुलिस के हैं, जो सीधे पुलिस के कंट्रोल रूम से जुड़े हैं। जबकि 853 सीसीटीवी कैमरे प्राइवेट हैं और इनका इस्तेमाल पुलिस समय आने पर करती है। हल्द्वानी में पुलिस का हाईटेक सीसीटीवी कंट्रोल रूम है। इस कंट्रोल रूम से नैनीताल जिले के अधिकांश हिस्सों की निगरानी की जाती है। सिर्फ हल्द्वानी में ही करीब 90 कैमरे लगे हैं। कंट्रोल रूम से सीधे जुड़े इन कैमरों के जरिये यातायात को सुगम बनाने का काम किया जाता है। इसके अलावा ये कैमरे अपराधियों पर भी नजर रखते हैं। व्यस्त रहने वाले चौराहों पर सीसीटीवी के साथ साउंड भी लगे हैं, जिनसे समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं। एसपी क्राइम का कहना है कि ऐसे सीसीटीवी और साउंड जिले के अधिकांश हिस्सों में लगे हैं। अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए ये व्यवस्था की जा रही है कि सीसीटीवी खुद ही यातायात नियमों का उलंघन करने वालों का चालान काटे। ऐसी व्यवस्था देहरादून में पहले से ही है। इससे न सिर्फ पुलिस का समय बचेगा, बल्कि यातायात नियमों का उलंघन करने वालों की संख्या भी कम होगी।

# अब कूड़ा फेंकने वालों पर रहेगी 'तीसरी नजर'

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम अब जागरूकता और सख्ती करने जा रहा है। अब शहर के चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्पीकर लगाए जाएंगे, जिनसे स्वच्छता संबंधी अनाउंसमेंट कर लोगों को खुले में कूड़ा नहीं फेंकने की चेतावनी दी जाएगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से कूड़ा फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसका चालान भी किया जाएगा।

इसके साथ ही नगर निगम कैमरों की मदद से उन लोगों को भी चिन्हित करेगा जो सड़कों के किनारे, खाली प्लॉटों या नहर-नालों में खुलेआम कूड़ा फेंकते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।

**नगर निगम ने कैमरे लगाने को पुलिस को दिए थे 40 लाख**



पूर्व में नगर निगम ने शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए पुलिस को 40 लाख रुपये का भुगतान किया था। जिस पर कैमरे लगा दिए गए। लेकिन वर्तमान में इनका इस्तेमाल अपराध नियंत्रण और यातायात को सुचारू करने के लिए किया जा रहा है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि कैमरों के सहयोग से कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस से पत्राचार किया जाएगा।

नगर निगम पहले ही शहर में विशेष सफाई अभियान चला रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने से बाज नहीं आ रहे। नगर निगम का मानना है कि अब केवल सफाई अभियान से काम नहीं चलेगा, इसलिए निगरानी और सख्ती दोनों ही जरूरी हैं।

नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसे चेतावनी के साथ-साथ आर्थिक दंड का भी सामना करना पड़ेगा। नगर निगम की इस पहल से शहरवासियों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ने की उम्मीद की जा रही है ताकि शहर को स्वच्छ बनाया जा सके।

# स्टांप पेपर पर रकसिया नाला खरीदा, फिर घर बनाया

### जिला प्रशासन की ओर से राप्रावि तल्ली बमौरी में लगाए गए कैंप में रकसिया नाले के अतिक्रमणकारियों के जवाब में हुए हैरानीजनक खुलासे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से देवखड़ी एवं रकसिया नालों पर अवैध कब्जाधारकों की सुनवाई शुरू कर दी है। अतिक्रमणकारियों ने नोटिसों का जवाब के साथ ही भूमि पर मालिकाना हक दर्शाने को स्टांप पेपर, बिजली-पानी के बिल वगैरह भी दिए हैं।

प्रशासन ने विभिन्न विभागों के संयुक्त सर्वे के बाद रकसिया नाले पर 386 तथा देवखड़ी नाले के 206 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए थे। सर्वे में साफ हुआ था कि अतिक्रमण की वजह से प्राकृतिक नाले पूरी तरह अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे बाढ़ एवं जलभराव का खतरा बढ़ गया है। नोटिस जारी होने के बाद बवाल हो गया था, लोगों ने प्रशासन ने बिना सुनवाई कार्रवाई का आरोप लगाया था। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने प्रशासन से कब्जाधारकों का पक्ष जानने की मांग की थी।

इसी क्रम में प्रशासन की ओर से सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय तल्ली बमौरी में एक कैंप लगाया। इस शिविर में राजस्व, नगर निगम, सिंचाई कर्मी मौजूद रहे। कैंप में 47 पक्षकारों ने नोटिसों के जवाब में दिए है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल साह व तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने भी कैंप का जायजा लिया। जवाब में कइयों ने भूमि के मालिकाना हक के दस्तावेज के रूप में स्टांप पेपर पेश किए है। वहीं, बिजली-पानी के बिल, हाउस टैक्स की रसीदें समेत अन्य दस्तावेज दिए हैं। तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने बताया कि तल्ली बमौरी में कैंप लगाया गया जिसमें 47 लोगों ने पक्ष रखा है। अब इन दस्तावेजों की जांच की जाएगी और फिर फिजिकल वेरिफिकेशन होगा।

- **मालिकाना हक दर्शाने को दिए गये स्टांप पेपर और बिजली-पानी के बिल**



दस्तावेजों की जांच करतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**आज सुभाष नगर में लगेगा कैंप**

तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने बताया कि आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में कैंप लगाया जाएगा। सुभाष नगर व आसपास के क्षेत्रवासी जिन्हें नोटिस जारी हुए हैं वे भी अपना जवाब पेश कर सकते हैं।



नैनीताल रोड स्थित होटल में प्रेस वार्ता करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

**प्रशासन की कार्यवाही से जनता में डर का माहौल : सुमित हृदयेश**

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने सोमवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता की। हल्द्वानी शहर में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की कार्यवाहियों को एकपक्षीय, तानाशाही और आमजनविरोधी करार दिया। कहा कि बीते कुछ समय से प्रशासन आम नागरिकों के घरौंदों पर प्रशासन बुरी नजर डाल रहा है। इन कार्यवाहियों के चलते कई परिवारों पर डर का माहौल बना हुआ है, जिनमें से अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई कानून और व्यवस्था के नाम पर अराजकता को बढ़ावा दे रही है, जो किसी भी संवैधानिक शासन व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकती। कानून व नियमों की आड़ में गरीबों के सिर से छत छीनना अन्याय है, इसका डटकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से निवेदन करते हुए कहा कि वह (मुख्यमंत्री) तुरंत इन नोटिसों को वापिस करवाएं और आम जनता को राहत दें। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ें हैं, इनका समय पर होना जरूरी है ताकि जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वे इन दोनों मामलों में जनता की आवाज बनकर सामने आए हैं, हर लोकतांत्रिक मंच पर जनता की बात मजबूती से रखते रहेंगे। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, दीप पाठक, मोहन बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया, सुहैल सिद्दीकी, बहादुर बिष्ट, सतनाम सिंह, जाकिर हुसैन, गिरीश पांडे, मलय बिष्ट मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो भेज युवती की शादी तुड़वाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **6 जून को होनी थी शादी, वीडियो मिलते ही मंगेतर ने तोड़ी शादी**
- **प्रेमिका की तहरीर पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**



**अमृत विचार :** प्रेमिका की शादी तय होने से आहत प्रेमी ने प्रेमिका की अश्लील फोटो और वीडियो उसके होने वाले पति को भेज दी। वीडियो मिलने के बाद रिश्ता टूट गया। प्रेमिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी एक युवक के साथ तय हुई थी। 6 जून को विवाह की तारीख तय हुई थी। परिजनों ने कार्ड बांट दिए थे और घर पर रिश्तेदारों का आना भी शुरू हो गया था। आरोप लगाते हुए पीड़िता ने बताया कि उसकी पाटी ब्लॉक के गौलडांडा चम्पावत निवासी मनोज सिंह चौधरी से दोस्ती थी, लेकिन शादी तय होने से पहले ही उसने मनोज के साथ रिश्ते खत्म कर दिए थे। हालांकि यह बात मनोज को नागवार गुजरी और जब उसे शादी का पता लगा तो वह शादी तुड़वाने की कोशिश करने लगा।

आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फांसकर धोखे से अश्लील वीडियो और फोटो बना ली। शादी से करीब एक हफ्ता पहले आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो प्रेमिका के मंगेतर और होने वाले देवर को भेज दी। इस पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। जबकि उसकी शादी के कार्ड बंट गए थे, मैरिज हॉल और कैंटरिंग का एडवांस भुगतान कर दिया था। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर चम्पावत निवासी आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 256, 77 व सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धाराओं में मुकदमा दर्ज करलियाहै।

# जंगलात के पिंजड़े में फंस गई दो वर्ष की मादा तेंदुआ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जंगलात के रानीबाग में लगाए पिजड़े में दो वर्षीय मादा तेंदुआ फंस गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन टीम ने तेंदुए को रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया गया। इस तेंदुए ने महिला को मारा या नहीं, इसकी तस्दीक के लिए डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

वन अधिकारियों के अनुसार, बीती 31 मई की रात्रि को मोरा गांव में पुष्पा देवी (70 वर्ष) पत्नी नर सिंह निवासी मोरा को तेंदुए/बाघ झपट्टा मार कर जंगल की ओर ले गया था। महिला की चीखपुकार सुनकर आसपास ग्रामीण इकट्ठा हुए तो जानवर महिला को मौके पर ही छोड़ कर जंगल में भाग गया। ग्रामीणों ने महिला को एसटीएच पहुंचाया जहां डॉक्टर्स ने उसको मृत घोषित कर दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने वन्यजीव को पकड़ने की मांग की थी। इसके बाद वन विभाग ने पिंजड़ा लगाया। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने तेंदुए की दहाड़ सुनी तो देखा कि तेंदुए पिंजड़े में फंसा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर नैनीताल वन डिवीजन की मनोरा रेंज टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया। रेंजर मुकुल शर्मा ने बताया कि पिंजड़े में कैद दो वर्षीय मादा तेंदुआ है। तेंदुए के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं ताकि यह तस्दीक हो कि महिला को मारने वाला तेंदुआ यही है या नहीं। ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील है।

## उपराष्ट्रपति के साथ रहेंगे तीन डॉक्टर

**हल्द्वानीः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। तीन डॉक्टर उपराष्ट्रपति के साथ हमेशा रहेंगे और साथ ही सरकारी और निजी अस्पतालों में भी व्यवस्था की गई है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति 25 से 27 जून तक जिले के दौरे पर हैं। इसको लेकर बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल, एसटीएच एवं बेस अस्पताल हल्द्वानी में उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सेफ हाउस बनाया गया है। निजी अस्पताल से भी संपर्क किया है। तीन डॉक्टर उपराष्ट्रपति के साथ हमेशा रहेंगे। इसमें फिजिशियन भी शामिल रहेगा। साथ ही एक एनेस्थेटिस्ट की पूरे तीन दिन तक केवल उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के तहत ड्यूटी रहेगी। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग प्रशासन के साथ संपर्क में है।

# कार की टक्कर से छात्र और युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **हल्द्वानी और ऊधमसिंह नगर में हुए हादसों में दो की मौत**
- **पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, जांच शुरू**



**अमृत विचार :** दो अलग-अलग सड़क हादसों में 12वीं के छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हादसा हल्द्वानी के लामाचौड़ और दूसरा ऊधमसिंह नगर के दिनेशपुर में हुआ। दोनों ही मामलों में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं।

निगल्टिया लामाचौड़ मुखानी निवासी विक्रम सिंह पानू ने पुलिस को बताया कि वह यहां परिवार के साथ रहते हैं। बीते रविवार को 12वीं में पढ़ने वाला उनका बेटा दिपांशु पानू (18 वर्ष) अपने एक दोस्त के साथ निकला था। दोनों बाइक पर सवार थे और बाइक दीपांशु का दोस्त चला रहा था। लामाचौड़ क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दीपांशु बुरी तरह घायल हुआ और उसकी मौत हो गई।

दूसरे मामले में पुलिस ने बताया कि ऊधमसिंह नगर में जाफरपुर दिनेशपुर निवासी भूवाली (40 वर्ष) पुत्र जग्गू को रविवार को दिनेशपुर में कार ने अपनी चपेट में ले लिया था। गंभीर अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एसटीएच में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# घाटे से नाराज व्यापारी ने पड़ोसी दुकानदार को पीटा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



मंगलपड़ाव में मारपीट के बाद कोतवाली में नोकझोंक करते दोनों पक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** व्यापार में घाटे से नाराज दुकानदार ने साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी दुकानदार को पीट डाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बाद में इसको लेकर कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है।

समता आश्रम गली, रामपुर रोड निवासी खीम सिंह नेगी ने पुलिस को बताया कि मंगलपड़ाव में फूलवाली गली में उनकी परचून की दुकान है। एक साल पहले ही उन्होंने किराए पर दुकान ली थी। आरोप है कि रविवार को उनका पड़ोसी दुकानदार अपने दो साथियों के साथ उनकी दुकान में घुस आया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जिस पर आरोपी, खीम सिंह को पीट रहा थे, वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोमवार को मेडिकल और घटना के वीडियो के साथ पीड़ित तमाम व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंचा। जहां दूसरा पक्ष भी पहुंचा और दोनों में नोकझोंक हो गई। पुलिस ने मामला शांत कराया। तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपते हुए खीम ने बताया कि उनका व्यापार तेजी से बढ़ा, जबकि पड़ोसी का व्यापार उतनी ही तेजी से नीचे गिरा। आरोपियों ने रविवार को उस समय हमला किया जब उनका दुकान मालिक दुकान का दोबारा एग्रीमेंट करने आए थे। आरोपी चाहता था कि वह दुकान खाली कर दें। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**योजना**

### दोनों विभागों को अलग-अलग ब्लॉकों की पेयजल आपूर्ति से राजस्व वसूली की दी जाएगी जिम्मेदारी

# अब ब्लॉकवार जिम्मेदार होंगे जल संस्थान व जल निगम

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** उत्तराखंड में पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारू और जिम्मेदारीपूर्ण संचालित करने के लिए विभागों की संयुक्त बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है, कि अब पेयजल योजनाओं का संचालन, रखरखाव और राजस्व वसूली का कार्य ब्लॉक स्तर पर जल संस्थान और जल निगम को अलग- अलग बांटा जाएगा।

इस प्रक्रिया की शुरुआत नैनीताल जिले से होगी। विभागों की संयुक्त बैठक में ब्लॉकवार विभाजन कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। प्रदेश में पेयजल से जुड़े दो विभाग काम करते हैं। अभी तक जल निगम जहां पेयजल योजनाओं के निर्माण का करता रहा है। वहीं जल संस्थान योजनाओं के रखरखाव, पेयजल वितरण और बिलों की वसूली की जिम्मेदारी निभाता है। अब प्रस्ताव के अनुसार, जिले के तीन ब्लॉक भीमताल, रामगढ़ और बेतालघाट जल निगम को सौंपे जाएंगे।

शेष पांच ब्लॉकों हल्द्वानी, रामनगर, धारी, ओखलकांडा और कोटाबाग की जिम्मेदारी जल संस्थान को दी जाएगी। जिले में जल जीवन मिशन के तहत दोनों विभागों जल संस्थान और जल निगम ने मिलकर पेयजल योजनाएं बनाई थीं लेकिन निर्माण के बाद इन योजनाओं को ग्राम पंचायतों को सौंप दिया गया, जिससे संचालन और रखरखाव में कई बार असमंजस और विवाद की स्थिति पैदा होने लगी। उपभोक्ताओं को बार-बार तकनीकी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए अब तय किया गया है कि एक ब्लॉक में केवल एक ही विभाग पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाएगा चाहे वह योजना का संचालन हो, मरम्मत या फिर बिलों की वसूली। इससे जवाबदेही तय होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा भी मिल सकेगी।

**उपभोक्ताओं को मिलेगी मदद**

**हल्द्वानी :** पेयजल योजनाओं के संचालन में जिम्मेदारी स्पष्ट होने से उपभोक्ताओं को अब राहत मिलेगी। पहले योजना के निर्माण, रखरखाव और वितरण में विभागों के बीच तालमेल की कमी से उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायतों का समाधान समय पर नहीं हो पाता था। अब ब्लॉक स्तर पर एक ही विभाग को संपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने से जवाबदेही तय होगी। उपभोक्ता सीधे संबंधित विभाग से संपर्क कर सकेंगे और शिकायतों का समाधान भी जल्दी हो सकेगा।

> ब्लॉकवार योजनाओं की जिम्मेदारी तय करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इससे संचालन में आ रही समस्याएं दूर होंगी। प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी मॉडल को अपनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। जल्द ही वहां भी विभागीय जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी जाएंगी। **-विशाल सक्सेना**, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान

## सिर्फ वादा मिल रहा वेतन नहीं

**हल्द्वानीः** राजकीय मेडिकल कॉलेज और कॉलेज के अधीन अस्पतालों में कार्यरत 659 उपनल कर्मियों को प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी के आश्वासन के बाद भी वेतन नहीं मिला है। चार माह से कर्मचारी वेतन के लिए परेशान हैं।

कर्मचारियों ने पिछले सप्ताह के सोमवार से वेतन की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया था। उनका कहना था कि उनके पद सृजित नहीं करने की वजह से वेतन की दिक्कत आ रही है। साथ ही चार माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने में परेशानी हो रही है। इसके बाद प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही उनके रुके हुए वेतन को जारी करवा दिया जाएगा। आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन और कार्य बहिष्कार स्थगित कर दिया था।

# गोलीबारी व पथराव में तीन लोग घायल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में बिड़ला स्कूल के पास सोमवार रात कार सवार लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया गया। पहले बाइक सवार युवकों ने कार में मौजूद एक व्यक्ति को गोली मार दी। उसके बाद आई भीड़ ने कार को घेरकर पथराव कर दिया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को एसटीएच में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, चांदनी चौक, घुड़दौड़ा निवासी हरीश सिंह नेहरा, गणेश दरम्वाल, भास्कर बोरा और नीरज भगत, सोमवार रात कार से जा रहे थे। टीपी नगर चौकी क्षेत्र में बिड़ला स्कूल के पास अचानक फिल्मी अंदाज में आए दो युवकों ने बाइक को कार के आगे अड़ाकर रुकवा लिया। बताया गया कि एक युवक ने पहले हवा में फायर झोंका, फिर उसके बाद दूसरी गोली चलाई। गोली लगने से भास्कर बोरा घायल हो गया। उसे पैर और पेट में गोली लगना बताया गया। इसके कुछ पलों बाद ही पहुंची भीड़ ने कार को घेरकर पथराव करना शुरू कर दिया। बताया गया कि इस दौरान नीरज भगत किसी तरह भाग निकला जबकि हरीश, गणेश और भास्कर वहीं, फंसकर रह गए। पथराव में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस ने तीनों घायलों को सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर कोतवाली राजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### मिशन 2027 में जुटने का आह्वान किया



**हल्दूचौड़ :** भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व भारत गठबंधन के उत्तराखंड संयोजक जीवन चंद्र उप्रेती ने सभी क्षेत्रीय दलों से एकजुट होकर मिशन उत्तराखंड 2027 के तहत जुटने का आह्वान किया। हल्दूचौड़ में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी ने उत्तराखंड बचाओ उत्तराखंड बसाओ की अवधारणा के तहत प्रदेश की सभी क्षेत्रीय पार्टियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के प्रकोष्ठों को संगठित कर तीसरा मोर्चा बनाए जाने पर बल दिया है। जिसके तहत बीते 21 और 22 जून को रामनगर में कई संगठनों ने भागीदारी भी की है।



रक्तदान शिविर में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शुभारंभ पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल एवं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक द्रौपदी गरबिया ने संयुक्त रूप से किया। कमल कुमार, आकाश कुमार, भारती साह एवं गर्वित्त शाह ने रक्तदान की शुरुआत की। दिव्या शाह, रक्षिता दोदियाल, बबीता शाह, मुन्ना जोशी, निशांत पंत, जितेंद्र भट्ट, दानिश, आयुष, ललित मेहता, जनक बिष्ट, भुवन भट्ट, सिद्धार्थ कुंवर, मीनाक्षी, करण सती, प्रमोद कुमार, गंगा सिंह, जिया चौधरी, भावना बिष्ट तुषार गंगोला, चेतना शाह, दक्ष सिंह, अतुल, भगत, मनीष बिष्ट व हर्षित अधिकारी सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान 35 लोगों ने रक्त का परीक्षण कराया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक नीलम गुप्ता, रानी शाह, मीनाक्षी, कीर्ति, दीपा पांडे, रमा भट्ट, दया कुंवर, विनीता पांडे, तनु सिंह, जया वर्मा, प्रेमा अधिकारी, दीपिका, अमिता शाह, जीवंती भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, वंदना जोशी, भावना शाह, ज्योति ढोंडियाल, रेखा पंत, रेखा जोशी, प्रगति जैन, खशती बिष्ट आदि मौजूद रहे।


कोतवाल को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### चोरी की घटनाओं के खुलासे को किया हंगामा

**लालकुआं :** कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षुब्ध ग्रामीणों ने कोतवाली में हंगामा किया। बाद में कोतवाल को ज्ञापन भी दिया गया। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में सोमवार को संजय नगर बिंदुखत्ता क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण कोतवाली लालकुआं पहुंचे और नारेबाजी की। यहां उन्होंने कहा कि कोतवाली पुलिस संजय नगर बिंदुखत्ता निवासी पार्वती देवी के घर में 29 मई को हुई चोरी का अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है, जबकि क्षेत्र में लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक सप्ताह पूर्व हल्दूचौड़ में भी अज्ञात चोरों ने भवन स्वामी की गैर मौजूदगी में घर में रखे लाखों रुपए के नगदी व जेवर चोरी कर लिए थे। इससे पूर्व हल्दूचौड़ में भी ज्वेलर्स के घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी कर ली थी, लेकिन पुलिस अब तक इन घटनाओं का खुलासा नहीं कर पाई है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र इन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। कोतवाल दिनेश चंद्र फर्त्याल ने ग्रामीणों को बताया कि शीघ्र टीम गठन कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# स्कूलों में पढ़ाई जाएगी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी

## जनसंघ संस्थापक के बलिदान दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने की घोषणा, कहा- शैक्षणिक गतिविधियों में भी किया जाएगा शामिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यक्रम में विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉ. मुखर्जी का देश के प्रति बलिदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। डॉ. रावत ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के इतिहास में पहले ऐसे केंद्रीय मंत्री थे, जिन्होंने पं. नेहरू की सरकार की नीतियों का विरोध किया। कश्मीर नीति के विरोध में उनकी गिरफ्तारी हुई और रहस्यमयी परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। यह बलिदान भारत के एकता और अखंडता की रक्षा के लिए था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के विचारों और योगदान के बारे में बताना जरूरी है। इसी उद्देश्य से अब स्कूलों और डिग्री कॉलेजों में उनकी जीवनी को विस्तार से पढ़ाया जाएगा। उनकी की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल है लेकिन अब शैक्षणिक कार्यक्रमों-गतिविधियों के जरिए उनके विचारों से विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। रावत ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने शिक्षण संस्थानों में सत्ता का दुरुपयोग किया। अब विद्यार्थियों को यह भी पढ़ाया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी भी इससे रूबरू हो सके। इस दौरान मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू आदि मौजूद रहे।


हल्द्वानी में दीप प्रज्वलित करते विधायक बंशीधर भगत व मौजूद अन्य। ● अमृत विचार



खत्री भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राष्ट्रवाद व देश की अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने दी प्राणों की आहुति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक बंशीधर भगत ने श्रद्धांजलि दी। सोमवार को कठघरिया स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम में विधायक भगत ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रवाद, देश की एकता-अखंडता के लिए किए गए बलिदान को याद किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम संयोजक विनोद मेहरा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की राष्ट्रवादी विचारधारा का दीप जलाए रखने के लिए प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35ए समाप्त करने का निर्णय लेने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कंचन उप्रेती, प्रकाश हरबोला, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, कमल नयन जोशी, प्रताप बोरा, आनंद दर्मवाल, देवेंद्र नेगी, संदीप सनवाल, प्रताप सिंह, अलका जीना, मोहन पाठक रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**रामनगर, अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि की भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। खत्री भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के इतिहास में पहले ऐसे मंत्री थे, जिन्होंने नेहरू सरकार के खिलाफ बगावत की। एक देश में दो प्रधान दो निशान नहीं चलेंगे, इसके लिए उन्होंने कश्मीर की यात्रा की। बाद में उनकी रहस्मय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वक्ताओं ने उनके आदर्शों को आत्मसात किए जाने पर जोर दिया। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, गुंजन सुखीजा पूर्व जिलाध्यक्ष, पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक रामनगर अजय राजौर, मनीष अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, भगीरथ लाल चौधरी, भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, प्रेम आर्य, नवीन करगेती, शलभ मित्तल, अशोक गुप्ता, रेखा रावत, अमर पाल, भारत तिवारी, मनोज पांडे, नीमा मठपाल, दीप्ति रावत, गंगा राणा, मोहन पाठक, मनमोहन बिष्ट, दीपक राणा व जयप्रकाश जोशी आदि मौजूद रहे।

# अचानक अस्पतालों में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता, हल्द्वानी

- वार्डों में मरीजों का हाल जाना, बेस अस्पताल में हो रहे काम पर जताई नाराजगी



**अमृत विचार:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत सोमवार को अचानक शहर के सरकारी अस्पतालों में निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने सभी जगह स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जाना। उनका यह निरीक्षण काफी गुपचुप तरीके से हुआ।

शाम को करीब 3.30 बजे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत पहले बेस अस्पताल पहुंचे। वह सीधे अस्पतालों के वार्डों में पहुंचे और मरीजों से पूछा कि उनकी मिल रही सुविधाएं कैसी हैं। उन्होंने इमरजेंसी का निरीक्षण भी किया। अस्पताल में चल रहे रिनोवेशन के काम पर उन्होंने नाराजगी दिखाई और कहा कि लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है। उन्हें डॉक्टरों के आवास संबंधी समस्याओं की जानकारी दी गई। कहा कि नए डॉक्टरों के लिए आवास की समस्या को सुलझाया जाए। महिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 बेड की बिल्डिंग का निरीक्षण भी किया। कार्यदायी संस्था से कहा कि गुणवत्ता के साथ सकाम पूरा करके बिल्डिंग का हैंडओवर कर दें। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ. हरीश चन्द्र पंत, बेस के पीएमएस डॉ. केके पांडे समेत भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पांच दिनों से पेयजल को तरसे ग्रामीण

**कालाढूंगी :** कोटाबाग की ग्राम सभा बजुनियाहल्दू के तोक कुशानवाड में बीते पांच दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। सिंचाई ट्यूबवेल की मोटर फुंक जाने के कारण कुशानवाड और बजुनियाहल्दु के कुछ हिस्सों में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है। ग्रामीण नवीन पंत व मोहन बिष्ट ने बताया कि इस ट्यूबवेल से क्षेत्र के कई परिवारों को पेयजल आपूर्ति की जाती थी, लेकिन बीते पांच दिनों से लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। बरसात के कारण नहरों का पानी प्रदूषित हो गया है। बावजूद इसके ग्रामीण इसी दूषित पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता गजेंद्र पाल आर्य ने बताया कि आवलाकोट स्थित एक अन्य ट्यूबवेल की मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिसे पूरा होने में दो दिन लगेंगे। इसके बाद ही कुशानवाड ट्यूबवेल की मोटर को ठीक किया जाएगा।

# नाले में बन रही सोक पिट पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


रकसिया नाले में अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने रकसिया नाले में चैनलाइजेशन का संयुक्त निरीक्षण किया। इस अवसर पर नाले में अवैध ढंग से किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त किया गया।

सोमवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह एवं एसडीएम राहुल शाह दमुवाढूंगा में शिव मंदिर के ऊपरी प्रवाह में चैनलाइजेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। रकसिया नाले के प्राकृतिक प्रवाह को फिर से बनाने के लिए चैनलाइजेश किया जा रहा है। इस बीच उन्होंने देखा कि नाले में नया अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा था। इस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए जेसीबी को मौके पर बुलाकर अवैध निर्माण एवं सोक पिट ध्वस्त कर दिया। साथ ही संबंधित को तीन दिनों में बाकी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। इस बीच जांच में सामने आया कि अतिक्रमणकारी पीलीभीत का बाशिंदा है, जिसने स्टाम्प पेपर पर अवैध ढंग से जमीन खरीदी थी। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को दमुवाढूंगा क्षेत्र में रकसिया नाले पर अतिक्रमणों की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि अन्य स्थलों पर भी सरकारी भूमि की अवैध ढंग से खरीद फरोख्त तो नहीं हो रही है। यदि जांच में सरकारी भूमि की धोखाधड़ीपूर्ण खरीद-फरोख्त की पुष्टि होती है, तो दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अधिक वोल्टेज से फुंके विद्युत उपकरण

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** रविवार देर शाम गुलजारपुर गांव में अत्यधिक वोल्टेज आने से कई घरों के विद्युत उपकरण फुंक गए। इससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रभावित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। ग्रामीण मुन्नी भट्ट ने बताया कि उनके घर में अधिक वोल्टेज के कारण तीन एलईडी टीवी, चार पंखे, दो कूलर और एक इनवर्टर खराब हो गए। इसके अलावा भगवती प्रसाद, मोहन सिंह और उम्मेद सिंह के घरों में भी लगे महंगे विद्युत उपकरण फुंक गए हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# शांतिपूर्वक व पारदर्शिता के साथ कराएं चुनाव: एसडीएम

- पंचायत चुनाव को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, रामनगर


अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने विकास खंड कार्यालय रामनगर में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ कराने के निर्देश दिए।

पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक याचिकर्ता की सुनवाई पर चुनाव पर स्टे दे दिया है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि चुनाव जब भी हो, प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि रामनगर विकासखंड के अंतर्गत कुल 133 बूथ है। जिसमें 51 बूथ अति संवेदनशील और 31 बूथ संवेदनशील है। इसके अलावा 51 बूथों को सामान्य श्रेणी में रखा गया है। सभी बूथों को लेकर अधिकारियों के साथ गहन मंथन किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में अराजकता किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी और अति संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। इन जगहों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इस दौरान बैठक में तहसीलदार मनीषा मरकाना, खंड विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पांडे, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रियंका सैनी, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी, राजस्व उप निरीक्षक आरिफ हुसैन, राजस्व उप निरीक्षक गोविंद सिंह व सुभाष चौधरी मौजूद रहे।

# अवैध खनन होने पर ग्रामीणों ने घेरी चौकी

संवाददाता, कालाढूंगी

- शिकायकर्ता ने ठेकेदार पर लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**अमृत विचार:** कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम सभा स्यात के चलकिया में एक रिजॉर्ट में अवैध खनन होने पर ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव किया। वहीं, शिकायतकर्ता ने ठेकेदार पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

सोमवार को ग्रामीणों के साथ पुलिस चौकी पहुंचे पंकज सिंह ने रिजॉर्ट स्वामी पर अवैध रूप से खनन करने व जेसीबी द्वारा दो सिंचाई नहर को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि एक रिजॉर्ट में अवैध रूप से खनन कर गहरा मिट्टी का खनन किया जा रहा है। दिन रात जेसीबी काम कर रही है। दिन में खनन करके रात को डंपर द्वारा सामग्री बाहर भेजी जा रही है। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व रिजॉर्ट के ठेकेदार ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि बाहरी लोग क्षेत्र में जमीन खरीद कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठेकेदार ने भी कार्य में बाधा डालने पर तहरीर दी है।

इस दौरान निवर्तमान कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल, निर्वतमान ग्राम प्रधान पति दीप तिवारी, विपिन भट्ट, मदन बजवाल, नवीन गर्जोला, विपिन भट्ट, गिरीश आर्या, कंचन पंत, दिनेश त्रिपाठी, योगेश पांडेय, सोहन सिंह, कमल बोहरा, राजेश चंद्र व शुभम आर्या आदि मौजूद रहे। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि खनन मामले में दोनों पक्षों से शिकायत आई है। दोनों पक्षों का बयान लेकर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# राज्य मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने पत्रकारों से किया संवाद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने सोमवार को आवास विकास स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से मुलाकात की और समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पत्रकारों ने स्वास्थ्य एवं बीमा लाभ, पत्रकार सुरक्षा पॉलिसी, पत्रकारों के बच्चों की शिक्षा के लिए ब्याज-मुक्त ऋण, प्रेस मान्यता नियमावली का विस्तार, पत्रकार कल्याण कोष से त्वरित सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को उठाया गया। इसके अतिरिक्त पत्रकारों ने सुझाव दिया कि समाचार पत्रों की निरीक्षा जिला स्तर पर ही सुनिश्चित की जाए, जिससे समाचार पत्रों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। डॉ. गोविंद सिंह ने पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी बातों को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, मीडिया सेंटर प्रभारी प्रियंका जोशी मौजूद रहे।

# फिजिशियन का तबादला, भड़कीं महिलाएं

संवाददाता, रामनगर



महिला एकता मंच की बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महिला एकता मंच ने मालधन क्षेत्र से फिजिशयन व प्रसूति विशेषज्ञ का तबादला करने पर रोष जताया है। वहीं, मालधन गोपाल नगर में शराब की दुकान पुनः खोले जाने को मालधन की जनता के साथ विश्वासघात बताया है। मालधन पंचायत घर में हुई बैठक में महिलाओं ने कहा कि चिकित्सकों का ट्रांसफर कर मालधन अस्पताल को दयनीय कर दिया गया है। इस दौरान निर्णय लिया गया कि महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ. प्रशांत व अर्चना कौशिक का ट्रांसफर तत्काल प्रभाव से रोके जाने अथवा उनके स्थान पर दूसरे चिकित्सकों की नियुक्ति करने, मानकों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि मांगों को लेकर विधायक से 25 जून को मुलाकात की जाएगी। । बैठक में भगवती, ममता, रंजनी, पुष्पा कोहली, सरस्वती जोशी, कमला, लक्ष्मी, पुष्पा, ममता, उमा, कविता, पार्वती और आनंदी आदि मौजूद रहे।

### डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में छत पर पानी की टंकी से लगातार बह रहा पानी, गड्ढा भी हो गया

# बॉलकॉक नहीं लगा, लाखों की छत हो रही बेकार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल की छत के एक हिस्से पर टंकी का पानी हर समय गिरता रहता है। किसी ने इसकी तरफ ध्यान देने की कोशिश नहीं की। करीब 400 रुपये में एक बॉलकॉक लाकर लगा दिया जाता तो पानी के बहने से छत में गड्ढा नहीं पड़ता।

निर्माणाधीन कैथलैब में जाने के लिए स्टाफ पार्किंग के पास से लोहे की सीढ़ीयों का रास्ता बनाया गया है। कैथलैब पर जाने के लिए छत के कई हिस्सों से होकर जाना पड़ता है। फिलहाल बनाए गए इस मार्ग में पानी की एक हरे रंग की टंकी भी मिलती है। टंकी पूरी तरह से भर चुकी है और उससे पानी गिरकर बाहर आ रहा है। टंकी के ऊपर जमी काई को देखकर समझा जा सकता है कि टंकी से पानी हर समय ही गिरता रहता है। साथ ही पानी गिरकर नीचे छत पर गिरता है। यहां भी लगातार पानी गिरने की वजह से अस्पताल की छत में गड्ढा बनने लगा है। अगर यही हाल रहे तो कुछ दिनों में गड्ढा पूरी तरह से छत को फाड़ देगा।

जानकारी लेने पर पता चला कि कुमाऊं के सबसे बड़े अस्पताल में मेंटनेंस विभाग के पास इतना समय नहीं है कि वह आकर इस छोटी सी समस्या का देख सके और करीब 400 रुपये का बॉलकॉक लाकर इस टंकी में लगा दें। जिससे पानी और छत की बर्बादी को रोका जा सके।

प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि वह इसको दिखवाएंगे और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।



एसटीएच की छत पर पानी की टंकी से गिर रहा पानी ● अमृत विचार

#### साफ पानी में मच्छर पैदा होने का भी खतरा



**हल्द्वानी :** स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि छत और घर के आसपास कहीं भी साफ पानी को इकट्ठा नहीं होने दिया जाए, इससे मच्छर पनपते हैं और डेंगू होने का खतरा रहता है लेकिन एसटीएच की छत की टंकियों से ही साफ पानी बह रहा है। जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# पारदर्शी बिलिंग व वास्तविक समय की खपत की जानकारी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड (ग्रामीण) ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जन मिलन शिविर लगाया। शिविर में बिलिंग में आ रही समस्याओं को दूर किया गया।

सोमवार को टीपी नगर के सीएमटी कॉलोनी, डहरिया में शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। इस शिविर में स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं के समाधान एवं जानकारी दी गई। ईई बेगराज सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग सुविधा, वास्तविक समय की खपत की जानकारी और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के साथ ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने का माध्यम हैं।

शिविर में उपभोक्ताओं की ओर से पूछे गए सवालों का अधिकारियों ने सहजता से समाधान किया और उन्हें स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मोबाइल ऐप से जुड़ाव और रिचार्ज की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। विभाग द्वारा इस तरह के जागरूकता शिविरों को आगे भी अन्य क्षेत्रों में आयोजित किए जाने की योजना है ताकि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की सुविधाओं का बेहतर तरीके से लाभ उठा सकें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि राजेश पंत और अमित बिष्ट उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों में ईई बेगराज सिंह, एसडीओ शुभा जोशी रहे।



शिविर में मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

# रन फॉर ओलंपिक में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

### अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सोमवार को मिनी स्टेडियम से शुरू हुई दौड़, 12 खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

- जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया रवाना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला खेल कार्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में 17 जून से चल रहे विभिन्न खेल आयोजनों की श्रृंखला में सोमवार को रन फॉर ओलंपिक दौड़ और राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सुबह 6 बजे मिनी स्टेडियम से शुरू हुई रन फॉर ओलंपिक दौड़ को जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह दौड़ एमबीपीजी कॉलेज से होते हुए पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। दौड़ में विजयी रहे 12 खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी पंत ने आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्तराखंड राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत उपनिदेशक खेल रशिका सिद्दीकी ने की। इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में प्रदेश के 10 जिलों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ी मौजूद रहे।

इस अवसर पर सुरेश पांडे, शुभांगनी शाह, श्याम मन्नू भट्ट, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, महेश फर्त्याल, रितिका जोशी, अंकुश रौतेला, किरण मौर्य, गोपाल नेगी और विमला रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर हुए कार्यक्रम के दौरान मिनी स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

#### आज होगी निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को शाम 4 बजे मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी में ओपन बालक एवं बालिकाओं के लिए निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का विषय ओलंपिक दिवस का महत्व रहेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ओलंपिक मूल्यों को समझाना है। जिला क्रीड़ा कार्यालय के अधिकारियों ने अधिक से अधिक बच्चों से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की है।

#### कोटद्वार, हरिद्वार, पिथौरागढ़ और टनकपुर ने दर्ज की जीत

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक हॉकी प्रतियोगिता के पहले दिन चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें कोटद्वार, हरिद्वार, पिथौरागढ़ और टनकपुर की टीमें विजयी रही। पहले मुकाबले में कोटद्वार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्मोड़ा को 8-1 के बड़े अंतर से हराया। मैच में कोटद्वार के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार गोल किए और विपक्षी टीम को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे मुकाबले में हरिद्वार ने संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए रुद्रपुर को 2-0 से पराजित किया। हरिद्वार की टीम पूरे मैच में मजबूत डिफेंस और सटीक पासिंग के साथ छाई रही। तीसरे मैच में पिथौरागढ़ और काशीपुर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें पिथौरागढ़ की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा लेकिन अंत में पिथौरागढ़ ने निर्णायक गोल कर बढ़त बना ली। अंतिम मैच में टनकपुर ने काशीपुर को 5-1 से मात देकर अगले चरण में प्रवेश किया। टनकपुर के खिलाड़ियों ने पूरे मैच में तेज रफ्तार और बेहतरीन तालमेल के साथ खेलते हुए जीत सुनिश्चित की। मैचों के सफल संचालन में निर्णायकों की भूमिका सुनील कुमार, निलेश गुप्ता, गोविंद लटवाल, महेश्वर नेगी, रूपिन और मोहित ने निभाई।

#### रामनगर में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

**रामनगर, अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से राजकीय महाविद्यालय खेल मैदान में खिलाड़ियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया। युवाओं को फुटबॉल प्रशिक्षक जितेंद्र बिष्ट, खेल विभाग हल्द्वानी के बास्केटबॉल प्रशिक्षक सतीश कुमार एवं बॉक्सिंग कोच देवेंद्र भट्ट ने ओलंपिक दिवस व खेलों के महत्व के बारे में बताया। 40 वर्ष से अधिक वर्ष खिलाड़ियों की सीनियर व अंडर 17 व 14 वर्ग में बालक व बालिकाओं की 800 मीटर दौड़ भी संपनन कराई। विभिन्न वर्गों के विजेता कुंदन बिष्ट, शुभम रावत, कविता बिष्ट, सिमरन ,अनुष्का, विकास कुमार, लकी भट्ट,इशिका व पवन कुमार को अतिथि बीसी पंत, भुवन बिष्ट, सतीश कुमार, जितेंद्र बिष्ट ,मयंक कुमार, देवेंद्र भट्ट ने टी-शर्ट देकर पुरस्कृत किया।

#### दौड़ में अमर चंद व प्रियंका ने मारी बाजी

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर जिला ओलंपिक संघ पिथौरागढ़ की ओर से देव सिंह मैदान में तीन वर्गों में दौड़ कराई गई। ओपन वर्ग दौड़ 4 किलोमीटर में अमन चंद प्रथम, कृष्ण कुमार द्वितीय, कृष्णा बोरा तृतीय, विकास दिगारी चतुर्थ व हिमांशु मेहता पांचवें स्थान पर रहे। ओपन महिला वर्ग में प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रार्थना बिष्ट द्वितीय, सोनी पांडे तृतीय व साक्षी ऐरी चतुर्थ स्थान पर रहीं। बीएसएफ 800 मीटर की दौड़ में पवन प्रथम व कुणाण कीर्ति द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह लुंठी, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, बहादुर सामंत, करण रावत, विक्की मेहता, प्रदीप महर, शंकर खडायत, मनोज पुनेठा, सरोज, भुवन जोशी आदि मौजूद रहे।



पिथौरागढ़ में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर देव सिंह मैदान में दौड़ लगाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# वार्डों में नहीं आ रही कूड़ा गाड़ी यूजर चार्ज वसूली पर पड़ा असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर के अधिकांश वार्डों में कूड़ा गाड़ी नहीं पहुंच पाने के कारण लोग कूड़ा शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। यह देखने में आ रहा है कि वार्डों में कूड़ा उठान वाली गाड़ियां नियमित तौर पर नहीं पहुंच रही हैं। जिससे कूड़ा नहीं उठ पा रहा है। नगर निगम के नए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेश ने सोमवार को निगम सभागार में वार्ड 1 से लेकर 33 तक की बैणी सेना और कूड़ा गाड़ियों के सुपरवाइजर के साथ बैठक की। जिस दौरान यूजर चार्ज की वसूली में कमी आने के पीछे बैणी सेना से यही सभी प्रमुख कारण बताए गए। बैणी सेना ने बताया कि कई वार्डों में सड़कें खराब होने और नालियां क्षतिग्रस्त होने के कारण कूड़े की गाड़ियां वार्ड में नहीं जा रही हैं। जिस वजह से कूड़ा उठान में दिक्कतें आ रही हैं। बैणी सेना ने बताया कि लोग साफ-सफाई की सुविधा नहीं मिलने का हवाला देकर यूजर चार्ज जमा करने से बच रहे हैं।

कूड़ा गाड़ियों के सुपरवाइजर ने बताया कि कुछ वार्डों में सड़कें संकरी होने और स्थानीय लोगों की ओर से अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा करने के कारण भी कूड़ा नहीं उठ पा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बैणी सेना से यूजर चार्ज जमा नहीं करने और कूड़ा गाड़ी में कूड़ा नहीं देने वाले घरों की जानकारी मांगी है। इस दौरान बैणी सेना के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी, पीएमयू से विवेक यादव, पंकज द्विवेदी और सौरव जोशी उपस्थित रहे।



नगर निगम सभागार में बैठक के दौरान मौजूद बैणी सेना व सुपरवाइजर।

# स्टेबलाइजर लगने से खत्म होगा जल संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जीतपुर और चौफुला क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को लंबे समय से जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। नलकूपों में बार-बार मोटर खराब हो जाने के कारण पानी की आपूर्ति ठप हो जाती थी। अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। जल संस्थान ने इन नलकूपों में स्टेबलाइजर लगा दिए हैं, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या से मोटर को नुकसान नहीं होगा।

इन क्षेत्रों में वोल्टेज की अनियमितता के चलते नलकूपों की मोटर बार-बार खराब हो जाती थी। इससे न केवल जल आपूर्ति बाधित होती थी, बल्कि लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार क्षेत्रवासियों को टैंकरों के सहारे पानी मंगवाना पड़ता था। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि अब मोटर वोल्टेज की समस्या से सुरक्षित रहेंगी। इससे जलापूर्ति व्यवस्था भी बेहतर होगी। उपभोक्ताओं को अब समय पर और नियमित रूप से पानी मिल सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें बार-बार पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़ेगा।



# ग्रामीणों ने नगर निगम पर जबरन टैक्स थोपने का लगाया आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए गए हल्द्वानी के ग्रामीण इलाकों पीलीकोठी, कालाढूंगी रोड, लालडांठ और मुखानी क्षेत्र के भवन स्वामी और व्यवसायियों ने नगर निगम पर स्वकर निर्धारण के लिए जबरन बाध्य करने का आरोप लगाया है। सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने लालडांट तिराहे पर प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नगर निगम ने कर निर्धारण की दरें अत्यधिक रखी हैं, जो कि इन क्षेत्रों के लोगों पर अतिरिक्त बोझ बन रही हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्ष 2018 से पहले ये क्षेत्र गांवों में आते थे और टैक्स की वसूली जिला परिषद और बाद में जिला पंचायत नैनीताल की ओर से की जाती थी। वर्ष 2018 में जब ये क्षेत्र नगर निगम हल्द्वानी में शामिल किए गए, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में 10 वर्षों तक यानि 2028 तक कोई भवन कर नहीं लिया जाएगा। जब निगम की ओर से स्वकर निर्धारण के लिए प्रप्रत्र दिए तो लोगों ने निगम कार्यालय से इसे लेकर जानकारी जुटाई। जिसमें पता चला कि नगर निगम की ओर से 2022 से ही कर निर्धारण और वसूली की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर निगम का यह कदम सरकार के वादे के खिलाफ है और इससे आमजन, विशेषकर छोटे व्यवसायी आर्थिक संकट में आ रहे हैं। क्षेत्रीय लोग आज नगर आयुक्त से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।



कर निर्धारण को लेकर प्रदर्शन के दौरान मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार



आरटीओ सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपते खनन वाहन स्वामी।

#### खनन वाहनों से पूर्व की भांति फिटनेस शुल्क लेने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौला खनन मजदूर उत्थान समिति ने खनन वाहनों की फिटनेस शुल्क पूर्व की भांति किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने आरटीओ सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि राज्य सरकार ने खनन वाहनों को विशेष छूट देते हुए 15 वर्षों से पुराने वाहनों का फिटनेस शुल्क 2,750 लिया जाता था। अब फिर से छूट की अनुमति नहीं मिली ऐसे में वाहन स्वामियों को फिटनेस शुल्क 20 हजार देना होगा। उन्होंने कहा कि खनन वाहन बामुश्किल तीन से चार माह चलते हैं जिसमें 100 फेरे लगा पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक फिटनेस शुल्क लेना सरासर गलत है। सभी ने एक सुर में फिटनेस शुल्क पूर्व की भांति 2,750 रुपये लेने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रमेश चंद्र जोशी, जीवन कबडवाल, इन्दर सिंह नयाल, रमेश कांडपाल, इन्दर सिंह पनेरी, नवीन जोशी, पप्पू पांडे, गणेश बिरखानी, नवीन पाठक, पप्पू सुनाल, सुरेश जोशी, शेखर कांडपाल, मदन उपाध्याय, गोकुल भट्ट, मोहन भट्ट, सुभाष शर्मा, विजय खोलिया, खष्टी पांडे मौजूद थे।

**कवायद** | भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर शुरू की रायशुमारी, पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए

# जिपं प्रत्याशियों के लिए टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रायशुमारी शुरू कर दी है। जिला पंचायत की पांच सीटों पर उम्मीदवारों के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली।

सोमवार को कमलुवागांजा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में पर्यवेक्षक प्रकाश हर्बोला और गोपाल रावत ने रायशुमारी की। उन्होंने तलिया, गैबुआ (पत्तापानी), गुलजारपुर बंकी, रामड़ी आनसिंह (पनियाली), देवलचौड़ बंदोबस्ती के लिए 13 दावेदारों ने दावोदारी ठोकी। पर्यवेक्षकों ने इन सभी सीटों के लिए दावेदारों को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की राय जानी और सुझाव भी लिए।

पर्यवेक्षकों ने कहा कि पर्यवेक्षकों ने शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी, दायित्वधारी, विधायक, पूर्व विधायक, विधानसभा दावेदार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पूर्व जिला पदाधिकारी, प्रदेश एवं जिला प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक, मोर्चों के जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, जिला पंचायत वार्ड में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की राय जानी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से राय शुमारी कर ली गई है, सभी से सुझाव लेकर प्रदेश संगठन को सौंपे जाएंगे, फिर हाईकमान प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।



पर्यवेक्षकों से बातचीत करते दावेदार। ● अमृत विचार

#### इन्होंने की दावेदारी

**हल्द्वानी :** सबसे हॉट रामडी आनसिंह (पनियाली) सीट मानी जा रही है। यहां से बेला तोलिया, उमा निगल्टिया, छवि कांडपाल (बोरा), रेखा पाठक ने दावेदारी ठोकी है। गैबुआ जिपं सीट से अमीर चंद कंबोज, अजय कंबोज, ललित मोहन वर्मा, देवलचौड़ बंदोबस्ती सीट से दीपा दरम्वाल, सिमरन कौर, गुलजारपुर बंकी सीट से आरती, शोभा, हेमा एवं तलिया से आनंद दरम्वाल ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने को आवेदन किया है ।

## एमबीपीजी में प्रवेश के लिए 3312 पंजीकरण

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए इन दिनों समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किए जा रहे हैं। कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी कॉलेज में विभिन्न विषयों में रविवार तक 3 हजार से अधिक पंजीकरण किए जा चुके हैं।

कॉलेज में सबसे अधिक पंजीकरण बीए वर्ग में 1748 हुए हैं। जबकि बीकॉम में 607, बीएससी मैथ्स में 392 और बीएससी बॉयोलॉजी में 404 पंजीकरण सहित कुल 3312 पंजीकरण हुए हैं। एमबीपीजी कॉलेज के प्रवेश प्रभारी डॉ. नवल लोहनी ने बताया कि 30 जून तक पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी। जिस दौरान कॉलेज में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट करने पर तीन पर केस

**बाजपुर :** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने घटना के करीब साढ़े तीन माह बाद पीड़िता की ओर से सौंपी गई तहरीर के आधार पर नामजद तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी गीता पत्नी सत्यपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि 6 मार्च की प्रात: करीब साढ़े पांच बजे अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी कृष्ण कुमार, शंकर एवं दलवीर ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं हमलावरों से बचकर घर के अंदर गई तो आरोपित घर में भी घुस गए और बेरहमी से मारपीट की। आरोपित कृष्ण कुमार एक दिल पहले 5 मार्च को भी पति की गैरमौजूदगी में अकेला देख कर मारपीट कर चुका है। हमलावरों ने उसके पति सत्यपाल सिंह को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता के अनुसार उसने घटना की शिकायत पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में भी की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उपचार करवाने में व्यस्त होने के कारण अब तक कोतवाली नहीं पहुंच पाई थी। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद तीनों आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सर्व सम्मति से किया गया रुद्रपुर सिटी क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन

## पंकज उपाध्यक्ष, राजेश सचिव, मनीष कोषाध्यक्ष, नरेंद्र बने उप सचिव, चार अन्य बनेंगे सदस्य

चुनाव

संवाददाता, रुद्रपुर


निर्विरोध गठित कार्यकारिणी का स्वागत करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 22 जून को रुद्रपुर सिटी क्लब के आठ डायरेक्टर के निर्वाचन के बाद देर रात्रि चली उठापठक के बाद आखिरकार रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति और निर्विरोध घोषित हो गई। जिसमें चार मुख्य पदाधिकारी के अलावा चार निर्वाचित डायरेक्टर सदस्य के रूप में शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों का विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया और क्लब के विकास में अहम भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

बताते चले कि रुद्रपुर सिटी क्लब का निर्वाचन 22 जून को हुआ था। जिसमें 10 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा और सर्वाधिक मतों से संजय ठुकराल के अलावा अनुज कुमार अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, पंकज बांगा, मनीष कुमार गगनेजा, राजेश धींक, सुखदेव सिंह भल्ला और सुरेश कुमार ढींगरा डायरेक्टर चुने गए। सोमवार की सुबह चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह की मौजूदगी में रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई, लेकिन आपसी सहमति के बाद निर्वाचन को निर्विरोध कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें पंकज बांगा को उपाध्यक्ष, राजेश धींक को सचिव, नरेंद्र बंसल को उप सचिव और मनीष गगनेजा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं निर्वाचित सुखदेव सिंह भल्ला, सुरेश कुमार ढींगरा, अनुज कुमार अग्रवाल और संजय ठुकराल अब कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर कार्य करेंगे। कार्यकारिणी की घोषणा होते ही विधायक शिव अरोरा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और विधायक ने भी कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया।

# विधायक शिव की नीति में फंसे नेता, खेमे में कर डाली सेंधमारी

- बेहड़-ठुकराल के करीबियों ने बदला पाला
- निर्वाचित होते ही विधायक ने कर दिया खेल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर सिटी क्लब का चुनाव केवल क्लब का चुनाव ही नहीं था, बल्कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा एवं वर्चस्व का भी देखने को मिला। जैसे ही आठ डायरेक्टर का निर्वाचन हुआ। वैसे ही विधायक शिव की नीति में दिग्गज नेता फंस गए और विधायक ने दिग्गज नेताओं के खेमे में ही सेंधमारी कर डाली और कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध घोषित करवा दिया। यहीं कारण है कि रुद्रपुर सिटी क्लब का चुनाव शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताते चलें कि रुद्रपुर सिटी क्लब के आठ डायरेक्टर के विजयी घोषित होते ही जहां किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ भी सक्रिय हो गए। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी अपने भाई संजय ठुकराल को सचिव की कुर्सी पर बैठाने का सपना संजोने लगे, लेकिन दोनों ही दिग्गज नेताओं को यह इल्म नहीं था कि जो आठ डायरेक्टर विजयी हुए है। वही पाला बदलकर विधायक के साथ चले जाएंगे, क्योंकि विजयी डायरेक्टर में ज्यादातर बेहड़ व ठुकराल खेमे के थे। यहां तक कि एक डायरेक्टर ठुकराल का करीबी रिश्तेदार भी है। जिसने ही चार डायरेक्टर को अपने पक्ष में किया और विधायक शिव अरोरा ने तुरंत ही रविवार की रात्रि को सात डायरेक्टर को अपने घर पर बुलाकर खेला कर दिया। सोशल मीडिया में वायरल फोटो के बाद से ही यह कयास लगाए जाने लगे कि अब चुनाव नहीं, निर्विरोध ही कार्यकारिणी घोषित होगी और सोमवार को हुआ भी वही। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद जैसे ही विधायक शिव अरोरा सिटी क्लब पहुंचे। दोनों ही दिग्गज नेताओं के समर्थक विधायक की जय-जयकार करने लगे।

### आखिर ये कैसा कायदा कानून

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर सिटी क्लब के डायरेक्टर चुनाव में जहां पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल ने सर्वाधिक 388 मत पाएं थे। बावजूद इसके क्लब बायलॉज में सर्वाधिक मत वाले डायरेक्टर को भी कार्यकारिणी का चुनाव लड़ना होगा और सेंधमारी व तोड़फोड़ की राजनीति का भी सामना करना पड़ेगा। यही कारण है कि सर्वाधिक मत पाने के बाद भी संजय ठुकराल महज कार्यकारिणी के सदस्य बने और कम वोट पाने वाले पदाधिकारी बन बैठे। चुनाव के बाद यह चर्चा थी कि ये कैसा कायदा कानून।

### सुबह से ही सक्रिय हो गए थे चाणक्य

**रुद्रपुर :** सोमवार की सुबह जैसे ही रुद्रपुर सिटी क्लब की कार्यकारिणी के मुख्य पदों पर चुनाव का समय हुआ। वैसे ही सिटी क्लब में शहर के वह चाणक्य नेता भी दिखने लगे। जो चुनाव पलटने में माहिर थे। ऐसे नेताओं की आवाजाही भी चर्चा का विषय बनी रही और हर किसी की जुबान पर यही बात थी कि विलुप्त होने वाले नेता भी सक्रिय हो गए।

# पूर्व सीएम रावत का किया स्वागत

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मानपुर रोड स्थित अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह गौतम के निवास स्थान पर पहुंचे थे। यहां कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि आगामी होने वाले चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुट जाएं। प्रदेश में कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की जरूरत है। स्वागत करने वालों में अरुण चौहान, अर्पित मल्होत्रा, एड. हरीश कुमार सिंह, अलका पाल, प्रदीप जोशी, एडवोकेट उमेश जोशी, जितेंद्र सरस्वती, तरुण लोहनी, मंसूर अली मंसूरी, विनोद कुमार होंडा, शिवम उपाध्याय, सोहेल खान रहे।

### पुलिस ने दबोचा अपहरण व पॉक्सो का आरोपी रामबाबू

**रुद्रपुर :** 11 जून को हुई नाबालिग के साथ दुष्कर्म एवं अपहरण की धाराओं में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि 8 जून को शेखपुरा बिहार निवासी रामबाबू उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया और जबरन दुष्कर्म भी किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी रामबाबू को गिरफ्तार कर किशोरी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# मिनी गोल्फ ओपन प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं ओपन प्रतियोगिता के मौके पर अतिथियों के साथ खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर उत्तराखंड मिनी गोल्फ एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सोमवार को बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इन लॉ कॉलेज के प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में काशीपुर, रुद्रपुर इंटर कॉलेज व महाविद्यालय एवं नवीन बिष्ट अकादमिक के विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 युवाओं ने प्रतिभाग किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि मिनी गोल्फ काशीपुर में एक नया खेल है। इसमें नए खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संस्थान में मिनी गोल्फ के 12 कोर्ट का निर्माण किया है। जिसमें पहला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि विजेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों से पूरे मनोयोग से प्रतिभागिता का आह्वान किया। वहां उत्तराखंड मिनी गोल्फ एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार बख्शी, मुख्य प्रशिक्षक लोकेश पांडे, प्रगति दुम्का, जया पांडे, श्वेता भाकुनी, योगेश पांडे, कशिश शर्मा रहे।


## उत्तराखण्ड. पावर कारपोरेशन लि०

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), 79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)**

ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं०-(05946) 292040, फैक्स नं०-(05946) 298318

पत्रांक : 2198/वि०वि०ख० (ग्रा०) ह०

दिनांक : 23-06-2025

### आवश्यक जन-सूचना

क्षेत्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में खण्ड के अन्तर्गत सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके क्रम में स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित किसी भी समस्या, शंका, विद्युत बिलों में सुधार एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु विद्युत वितरण उपखण्ड कमलुवागांजा के अन्तर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सहित स्मार्ट मीटर लगाने वाली कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अतः आपसे अनुरोध है कि आप निम्नलिखित शिविरों में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक पहुँचकर उक्त सुविधा का लाभ प्राप्त करने का कष्ट करें।

| क्र० सं० | उपखण्ड का नाम | शिविरों हेतु निर्धारित तिथि | | शिविरों का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक | दिवस | |
| 1 | विद्युत वितरण उपखण्ड, कमलुवागांजा | 25-06-2025 | बुधवार | रामलीला ग्राउण्ड ऊँचापुल |
| 2 | | 27-06-2025 | शुक्रवार | प्राईमरी स्कूल फतेहपुर |
| 3 | | 28-06-2025 | शनिवार | लामाचौड़ चौराहा |
| 4 | | 29-06-2025 | रविवार | रेनबो स्कूल बिठौरिया नं०-1 |

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity Bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें"
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"
"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"

(अभि० बेगराज सिंह)
अधिशासी अभियन्ता


### महाविद्यालय में इग्नू के नए केंद्र की घोषणा

**खटीमा:** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का नया स्टडी सेंटर का प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसमें विद्यार्थी बीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों में नामांकन करा सकेंगे। बीए में उपलब्ध विषयों में अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, मानवविज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, उर्दू, संस्कृत, गणित, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र आदि शामिल हैं। प्राचार्य डॉ पंकज कुमार ने बताया कि 80 किमी के दायरे में अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय या इग्नू सेंटर नहीं होने के कारण यह सेंटर क्षेत्र के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि यह पहल शिक्षा को और अधिक सुलभ और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सितारगंज ने कल्याणपुर को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा


विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ● अमृत विचार

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** गुरुग्राम में आयोजित जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सितारगंज ने कल्याणपुर को 40 रनों से हराकर ट्रॉफी पत्र कब्जा किया। कल्याणपुर के कप्तान ब्रजेश कार्की मैन ऑफ दी सीरीज बने। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया।

रविवार को खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सितारगंज टीम ने सभी विकेट गंवाकर 172 रन बनाए। कप्तान सैजी खान ने 74 रन और शाने आलम ने 36 रनों का योगदान किया। युवराज ने तीन विकेट चटकाए। दूसरी पारी में कल्याणपुर की टीम 132 रन ही बना पाई। मनोज धामी ने 36 और अंकुश ने 19 रन बनाए। हर्ष पांडे ने पांच विकेट चटकाए। मैच में प्रदीप विश्वास, लक्ष्मण राय अंपायर, जयंत मंडल, अमित बैरागी, मनोज खान कमेंट्रेटर, प्रमोद राय, लकी मंडल स्कोरर रहे। इस मौके पर गोपाल रावत, विधान दास, संजीत खान, दिलीप मिस्त्री, सुशांत मंडल, महेश कुमार, मयंक अग्रवाल, दीपक सरकार, विक्रम भंडारी आदि मौजूद थे।

मुलाकात

## बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ जारी रहेगा एक्शन, वर्षों से बसे लोगों को मिलेगी जल्द राहत

# अतिक्रमण अभियान से डरे लोगों से मिले मेयर

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर में सोमवार को कॉलोनीवासियों की समस्याएं सुनते मेयर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्राधिकरण एवं प्रशासन की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से भयभीत प्रीत विहार एवं लोक विहार कॉलोनी की समस्याओं को जानने के लिए मेयर खुद कॉलोनी पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि वर्षों से काबिज लोगों को जल्द ही राहत दिलाने की कोशिश रहेगी, लेकिन जो व्यक्ति बाहर से आकर बसा है। उनके खिलाफ एक्शन जारी रहेगा।

सोमवार को जनसमस्याओं को सुनते हुए मेयर विकास शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि सीमावर्ती इलाकों से आकर लोग यहां मकान बना रहे है। जिसकी वजह से शहर की डेमोग्राफी में बदलाव हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान लोगों ने बताया कि प्रीत बिहार हो या लोक विहार कॉलोनी, पिछले कई वर्षों से लोग रह रहे है और अपनी जिंदगी भर की कमाई लगा चुके है। ऐसे में प्रशासन सीलिंग की भूमि बता कर उजाड़ने की तैयारी कर रहा है। जिस कारण हर परिवार के सामने संकट खड़ा है। जिस पर मेयर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सीएम, डीएम और कमिश्नर कुमाऊं से मुलाकात कर समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी। इस मौके पर पार्षद संतोष गुप्त, जितेंद्र मौर्य, विपिन कोली, देवेंद्र रस्तोगी, उपेंद्र गुप्ता, बृजेश शर्मा, दीना नाथ शर्मा, प्रसादी लाल कोली, नीलकांत, सुनील ठुकराल, जितेंद्र संधू, बिट्टू चौहान, विजय तोमर, कृष्ण शर्मा, हरेंद्र शर्मा, प्रवीण तिवारी व मोर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## नेपाली नागरिकों को बंधक बनाने के मामले में दर्ज कराए बयान

**काशीपुर :** नेपाली नागरिकों को बंधक बनाने के मामले में पुलिस ने एक नेपाली नागरिक के कोर्ट में बयान कराए है। अभी दो और नेपाली नागरिकों के बयान और कराए जाएंगे। मुक्त होने बाद अभी बयान के लिए काशीपुर में ही सभी 32 नेपाली नागरिक रुके हुए हैं। बता दें कि गुरुवार को नेपाल दूतावास के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाने में शिकायत की थी कि कुछ नेपाली नागरिकों को काशीपुर में किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर उनका मानसिक व शारीरिक शोषण किया जा रहा है। जिसके बाद काशीपुर सीओ दीपक कुमार के निर्देशन में पुलिस ने श्यामपुरम की ओम विहार कॉलोनी में महाराज सिंह उर्फ पप्पू के मकान में दबिश दे 32 नेपाली नागरिकों को मुक्त कराया था। नेपाल दूतावास के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने बताया कि मामले में सोमवार को एक नेपाली नागरिक के कोर्ट में बयान दर्ज करवाए गए हैं।

# दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

- आवास विकास चौकी इलाके की है घटना
- घटना की वीडियो वायरल, पुलिस ने जांच की शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर में खाकी से बेखौफ बदमाश खुलेआम बदमाशी दिखा रहे है। आवास विकास चौकी इलाके में जब एक युवक ने युवती से हाथापाई का विरोध किया तो युवक ने योजनाबद्ध तरीके से साथियों के साथ युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार जगतपुरा निवासी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 21 जून की शाम को वह दोस्तों के साथ टहल रहा था तभी देखा कि एक युवक सड़क किनारे युवती से अभद्रता और हाथापाई कर रहा है। जब उसने रोकने की कोशिश की, तो युवक हमलावर हो गया और वह उसे धक्का देकर चला गया। आरोप था कि उसी रात्रि पौने ग्यारह बजे जब वह एलआईसी रोड़ आवास विकास की गली से अपने घर जा रहा था कि तभी अचानक कई बाइकों पर सवार युवक आए और धारदार हथियार व लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पर्स, मोबाइल और डेढ़ तोले सोने की चैन भी छीन ली। उसने भागकर अपनी जान बचाई। हमले में चोटिल होने के कारण वह जिला अस्पताल गया। पीड़ित ने आवास विकास पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में हुआ प्रशिक्षण शिविर, नामांकन प्रक्रिया में सावधानी बरतने का दिया आदेश

# आरओ-एआरओ को दिया पंचायत चुनाव प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की पारदर्शिता को लेकर जिले भर के आरओ-एआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की मौजूदगी में हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि आरओ, एआरओ हस्तपुस्तिका का अच्छे से अध्ययन करें। नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच व प्रतीक चिह्न आवंटन में सावधानी व सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने आदेशित किया कि पंचायत चुनाव निष्पक्ष,शांतिपूर्ण कराना सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी आरओ, एआरओ तटस्थ होकर कार्य करें। इसके अलावा प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक सुने और आरओ हैंडबुक व पंचायती राज एक्ट का बेहतर से अध्ययन करे। ताकि निर्वाचन के कार्यो में कोई बांधा नहीं आए। मास्टर ट्रेनर नरेश चंद्र दुर्गापाल और डीडीओ सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि नामांकन पत्रों को जमा करने से पहले उसका अंकन जरूर करें। नाम निर्देशन पत्रों की अच्छी तरह से जांच करें व प्रतीक चिन्ह आवंटन में भी सतर्कता बरते। इस मौके पर एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी जसपुर सीएस चौहान, आरओ आनंद सिंह नेगी, संजय कुमार छिमवाल, भूपेन्द्र सिंह रावत, अरविन्द सैनी, सुशील कुमार, डॉ. आशुतोष जोशी, शैलेंद्र सिंह, सुनील जोशी, अभय सक्सेना, कल्याण सिंह, अमित भारती, राजेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र चौहान, एआरओ भानु प्रताप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



रुद्रपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

# रुद्रपुर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

### अभिषेक दस मिनट में आने की बात कह निकला था घर से, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, ट्रांजिट कैंप की घटना

सनसनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई ,जब एक युवक का शव के पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब हत्या या फिर आत्म हत्या की दिशा में तफ्तीश कर रही है, क्योकि परिवार वाले बेटे द्वारा आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात मानने को तैयार नहीं है।



अभिषेक (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार सोमवार को डायल 112 पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि गंगापुर रोड़ स्थित एक आम के बाग में पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना के आधार पर सीओ सदर प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूछताछ शुरू कर दी। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि 25 वर्षीय अभिषेक अरोरा निवासी फुलसुंगी रविवार रात साढ़े नौ बजे घर से दस मिनट में आने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात्रि तक युवक वापस नहीं लौटा। तो युवक की खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन सोमवार की सुबह तड़के राहगीर ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के भाई अरुण कुमार ने बताया कि उसका भाई अभिषेक हंसमुख स्वभाव का था और रेडीमेड की दुकान पर काम करता था और भाई कभी भी आत्महत्या नहीं कर सकता है। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की।



घटनास्थल का मौका मुआयना करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार



अभिषेक के रोते-बिलखते भाई को संभालते समाजसेवी गाबा। ● अमृत विचार

### जमीन पर लगे पैर कहीं हत्या तो नहीं

**रुद्रपुर :** गंगापुर रोड स्थित घटनास्थल आम के बगीचे का मौका मुआयना किया, तो देखा कि आम के पेड़ की मोटी टहनी पर रस्सी बंधी हुई है और युवक बिल्कुल जमीन पर खड़ा हुआ है और गले में रस्सी बंधी हुई है, जबकि आत्महत्या प्रकरण में ऐसा होता नहीं है। शव के लटके होने की स्थिति को देखते हुए भी परिवार कई सवाल उठा रहे है और उन्होंने एसएसपी से वार्ता कर हत्या या फिर आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने का मुद्दा उठाया।

### जिगरी दोस्तों के मोबाइल क्यों हैं बंद

**रुद्रपुर :** प्रकरण में यह सवाल उठ रहा है कि रविवार की देर रात्रि अभिषेक अपने दो जिगरी दोस्तों के साथ देखा गया है और जैसे ही अभिषेक का शव लटका होने की खबर सोशल मीडिया में प्रकाशित हुई। वैसे ही पोस्टमार्टम हाउस और घटना स्थल पर परिचित व दोस्तों की भीड़ उमड़ने लगी, लेकिन मृतक के दो दोस्तों के मोबाइल बंद है और उनका कोई अता पता नहीं है। यही कारण है कि परिवार के लोग अभिषेक की हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है।

### फॉरेंसिक टीम मौके पर, पैनल में होगा पीएम

थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि फॉरेंसिक जांच टीम ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया है और रस्सी, पेड़ के अलावा आसपास के इलाकों की पड़ताल की साक्ष्य जुटाए है। इस के अलावा हत्या या फिर आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराने का निर्णय लिया है। बताया कि पीएम रिपोर्ट आते ही पुलिस आगे की तफ्तीश करेगी।

## मारपीट कर युवक को किया घायल

**काशीपुरः** सामान लेने बाजार आए युवक को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम सरवरखेड़ा निवासी रियासत पुत्र शफीक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई लियाकत 22 जून की दोपहर के लगभग 12:30 बजे आर्यनगर रोड, राधेश्याम बिल्डिंग के पास अपने छोटे बेटे अदनान के साथ सामान लेने आया था। तभी विकास यादव, संतोष चौधरी व उनके दो साथी वहां पहुंचे और बिना किसी कारण उसके भाई पर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश गया। उसके सिर व शरीर में खुली व गुम चोटें आई हैं। जब आस-पास के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी उसके भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रियासत ने बताया कि जब अदनान ने उसे फोन करके घटना के बारे में जानकारी दी, तो वह तुरंत मौके पर पहुंचा और अपने भाई को सरकारी अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टर ने उसके भाई की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसके भाई का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। रियासत की तहरीर के आधार पर पुलिस ने विकास यादव, संतोष चौधरी तथा उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ओवरहेड टैंक से गिरकर राजमिस्त्री की जान गई

- काम करने के दौरान पैर फिसलने से हुआ हादसा
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** ओवरहेड टैंक के निर्माण के दौरान काम करते समय एक राजमिस्त्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यूपी के जिला बरेली के गांव परा बहाउद्दीनपुर निवासी वीरपाल (35) पुत्र स्व. पप्पू राज मिस्त्री का काम करता था। वह अपने पांच भाईयों के साथ जल जीवन मिशन योजना के तहत कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर कॉलोनी सुल्तानगढ़ में बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक का निर्माण कर रहा था।

बताया जा रहा है कि वीरपाल के परिवार में सभी राजमिस्त्री व मजदूरी का काम करते हैं। जिसके चलते परिवार के आठ सदस्य यहां यूपी के एक ठेकेदार के अंडर में नवंबर 2024 से काम कर रहे थे। सोमवार को सभी आठ लोग लगभग 70 फुट ऊंची पानी टैंक के छत के प्लास्टर कर रहे थे। जबकि वीरपाल टैंक की छत पर चढ़कर टैंक की फिनिशिंग का कायर् कर रहा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह टैंक की छत से सीधे जमीन पर गिर गया। जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभी चोटें आईं। इसी बीच आसपास मौजूद व्यक्ति ने एंबुलेंस 108 को घटना की सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस गंभीर रूप से वीरपाल को एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय में लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद वीरपाल को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची कुंडा थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनाम के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वीरपाल के भाई मुनीश ने घटना की सूचना बरेली घर पर दी। सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर के मुताबिक वीरपाल सिर के बल नीचे गिरा, अधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक वीरपाल के परिजनों ने बताया वह अपने पीछे छोटे-छोटे दो बेटे व 6 साल की बेटी और पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की सुपुर्दगी में दिया। परिजन शव को लेकर बरेली चले गए।

# घर से तीन लाख रुपये का सामान व नकदी पार की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** एक महिला ने घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने की तहरीर पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जसपुर खुर्द निझड़ा कॉलोनी निवासी महेशी देवी पत्नी सूरज सिंह बिष्ट ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति दिल्ली में जॉब करते हैं व उसके सास-ससुर गांव गए हुए हैं। वह घर पर अकेली ही है। बीती 20 जून को वह एक निजी अस्पताल में अपनी नाइट ड्यूटी पर गई हुई थी। जब सुबह नौ बजे अपनी ड्यूटी से घर वापस आई तो देखा कि घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने घर के अंदर जाकर देखा तो घर का पूरा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। बताया कि अज्ञात चोर घर से एलइडी टीवी, इनवर्टर व बैटरी, बेड के अंदर रखी ज्वैलरी जिसकी कुल कीमत तीन लाख रुपए होगी और 15 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## लेन-देन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बाजपुर :** पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीरें दी हैं। इंदिरा कालोनी निवासी टिंकू पुत्र वेदप्रकाश ने पुलिस को बताया कि 22 जून की देर रात करीब 9 बजे पैसों के लेन-देन को लेकर मोहल्ले के ही एक परिवार के सदस्यों ने गाली-गलौज करते मारपीट कर दी। उन्होंने लोहे की सरिया व लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। कहा कि हमलावरों ने भविष्य में जान से मारने की धमकी दी है। वहीं दूसरे पक्ष की सुमित पुत्र जगत सिंह की ओर से भी तहरीर देकर गाली-गलौज व मारीपीट का आरोप लगाया गया है।

# रोडवेज बस की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** 20 जून को दोपहर करीब 1 बजे सितारगंज-खटीमा हाईवे पर बघौरी पुलिया के पास एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही रोडवेज बस ने सामने से मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार राम निवास पुत्र जसवंत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता जसवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए पहले प्रयास अस्पताल फिर एसएच अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया गया, जहां शाम को उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे के समय दोनों रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से वापस अपने गांव तुर्का तिसौर लौट रहे थे। इस हृदयविदारक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। चश्मदीद जयचंद सिंह निवासी मगरसड़ा के अनुसार रोडवेज चालक ने गलत दिशा में बस चलाते हुए टक्कर मारी। मृतकों का अंतिम संस्कार भावुक माहौल में किया गया। पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नल से पानी भरने पर सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला

- पुलभट्टा थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में नाले की सफाई करने के दौरान हुई घटना

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** नगर पालिका अंतर्गत क्षेत्र में पालिका प्रशासन द्वारा कराए जा रहे सफाई अभियान के कार्य में जुटे सफाई कर्मचारी पर एक दबंग युवक धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय कर्मचारियों द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित सफाई कर्मचारी संघ के तमाम पदाधिकारी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने घायल कर्मचारी से घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी है। सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सफाई कर्मचारी संघ ने आरोपी युवक पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार नगर के मुख्य बाजार से होकर गुजरने वाली लेफ्ट पाहा नहर की तली झाड़ की सफाई का कार्य बहेड़ी निवासी अरुण नाम के ठेकेदार को दिया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर ठेकेदार अरुण के दिशा निर्देशन में करीब एक दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा सिरौली कला क्षेत्र में नाले में सफाई कर रही थी। इसी दौरान सफाई कार्य में जुटा एक सफाई कर्मचारी बोतल लेकर पीने का पानी भरने के लिए निकट स्थित सरकारी नल पर चला गया। कर्मचारियों के अनुसार सरकारी नल से पानी भरने के दौरान स्थानीय दबंग ने थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी अरुण कुमार पुत्र अनोखेलाल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में गहरे घाव लगने से अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य कर्मचारियों के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना पर उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, कर्मचारी नेता नितिन चरण, सचिन चरण, ताहिर मलिक सहित तमाम लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने घायल कर्मचारी से घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना से सफाई कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।



किच्छा में घायल से जानकारी लेती पुलिस एवं कर्मचारियों की भीड़। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुईं। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"



राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषण: अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।



हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या होता है लिखने या बोलने से


हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। जुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# देश में दो निशान, दो विधान के खिलाफ थे डॉ. मुखर्जी : भट्ट

## सादगी से मनाया जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, सांसद भट्ट सहित अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सादगी के साथ मनाया गया और भाजपा कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिसका उद्घाटन सांसद अजय भट्ट और जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा किया गया। संबोधन में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान के खिलाफ आवाज उठाई और देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व किया। इसके अलावा जम्मू मुद्दे को लेकर नेहरू सरकार के खिलाफ भी आवाज को बुलंद किया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी ने जिस जिस परिकल्पना से जनसंघ की स्थापना की। वह आज भाजपा के रूप में एक वटवृक्ष बन चुका है। जिसके बाद पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाकर उनके संकल्प को पूरा किया। इस मौके पर मेयर रामपाल सिंह, जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, ममता जीना, महेंदी शर्मा, आशा मुंजाल, रेनू जुनेजा, धीरेन्द्र मिश्रा, मोहन तिवारी, आयुष तनेजा, राजेश जग्गा, संतोष गुप्ता, एनडी शर्मा, जितेन्द्र संधू, राधेश शर्मा, मोर सिंह, तरुण दत्ता, उपेंद्र चौधरी, शंकर विश्वास, नितेश गुप्ता, गोपाल पटेल, कुलदीप चंद, रमेश कन्याल, रोशन अरोरा, मानवेन्द्र राय, राजन राठौर, राजेश तिवारी, आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर में सोमवार को आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार


काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम दौरान पौधारोपण करते अतिथि। ● अमृत विचार

# काशीपुर में डॉ. मुखर्जी के जीवन पर डाला प्रकाश

संवाददाता, काशीपुर

- जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोष्ठी का किया आयोजन
- भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद

**अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के तहत काशीपुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

सोमवार को रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, नगर निगम मेयर दीपक बाली सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज की परिस्थितियों में देखें, तो विश्व के अनेक देशों के बीच में आपस में लड़ाई चल रही है, युद्ध चल रहा है। हम सभी लोग यह महसूस करते हैं कि भारत देश सशक्त होना चाहिए, मजबूत होना चाहिए और भारत समृद्धशाली होना चाहिए। जिससे भारत की तरफ कोई देश आँख उठाकर भी ना देखे। इसी बात को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने कहा कि हम सबने देखा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर और राजनीति का तुष्टिकरण समाप्त कर किया। कहा कि जम्मू-कश्मीर की पार्टियों के नेता यह कहते थे कि कश्मीर में धारा 370 हटाना तो दूर वहां पर इसको हटाने के लिए सोचने भर से ही पूरे कश्मीर में दंगा भड़क जाएगा। पूर्व की सरकारों में जब आतंकवादी हमला होता था, तो भारत जवाब नहीं देता था, लेकिन अब भारत करारा जवाब ही नहीं देता बल्कि आतंकवादियों को संरक्षण देने वालों पर भी करारा प्रहार करता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य आतंकवादी हमले के बाद हुई भारत की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह सशक्त भारत ने अपने ब्रह्मोस मिसाइल जैसे हथियारों पर निर्भर रहकर पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। वहीं मंचासीन वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। जिसके बाद राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज पाल, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष गुप्ता, नगर निगम महापौर दीपक बाली, नगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस, नगर मंडल उपाध्यक्ष श्याम मोहन, नगर मंडल महामंत्री वैभव गुप्ता, नगर मंडल कोषाध्यक्ष धीरज वर्मा, नगर मंडल मीडिया संयोजक भागीरथ शर्मा, नगर मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, अनीता कंबोज, पार्षद सुरेश सैनी, कल्पना राणा, डॉ. गिरीश तिवारी, जसवीर सिंह सैनी, गुरविंदर सिंह चंडोक, पुष्कर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते पीसीयू के चेयरमैन श्रीराम मल्होत्रा।

# बलिदान दिवस पर डॉ. मुखर्जी को किया याद

संवाददाता, बाजपुर

- बाजपुर सहकारी चीनी मिल अतिथिगृह में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**अमृत विचार :** देश की अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस (पुण्यतिथि) पर सोमवार को सहकारी चीनी मिल अतिथिगृह में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे पीसीयू के चेयरमैन श्रीराम मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रवि पाल आदि ने अपने विचार रखते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, धारा 370 की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कहा कि डॉ. मुखर्जी ने "एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान" के संकल्प को लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम को वक्ता के रूप में दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, नैनीताल जिले के प्रभारी राजेश कुमार, युवा भाजपा नेता गौरव शर्मा, विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांती मंत्री यशपल राजहंस, कौशल्यापुरी के चेयरमैन राजीव सैनी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव व संचालन वीरेंद्र बिष्ट ने किया। वहीं डॉ. मुखर्जी की याद में अतिथिगृह परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़, पूर्व जिपं सदस्य रोशन लाल उर्फ टिंकू तोमर, भाजपा नेता खीम सिंह दानू, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, देव सिंह, प्रतिमा सक्सेना, स्तुति गुप्ता, रविकांत शर्मा, गगनदीप सिंह, कमल भट्ट, प्रमोद राजहंस, सुंदर आदि मौजूद रहे।


सितारगंज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी। ● अमृत विचार

## डॉ. मुखर्जी बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया

**सितारगंज :** नगर पालिका परिषद सितारगंज द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री बहुगुणा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, यह न केवल किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी सेवा भावना का प्रतीक भी है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे क्षेत्र में सेवा और सहयोग की भावना को नई दिशा मिली। नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## तीसरे दिन भी जारी रही देवहा नदी में कूदे अधेड़ की तलाश

**खटीमा :** दो दिन पूर्व देवहा नदी में कूदे अधेड़ की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार तीसरे दिन देवहा नदी में पसीना बहाती रही लेकिन उन्हें सफलता हासिल नहीं हुई। मझोला निवासी राजा राम 52 पुत्र उमाचरण ने शनिवार देर रात्रि देवहा नदी में छलांग लगा दी। जिसकी तलाश लगातार जारी है। पुलिस जहां लगातार तीसरे और एसडीआरएफ की टीमें लगातार दूसरे दिन तलाश में जुटी है। मौके पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसडीआरएफ टीम एसआई सुरेंद्र सिंह, खीम सिंह बिष्ट, कृष्ण कुमार रावत, अवनीत सिंह, रोहित परिहार, मंगल दीप, नितिन शर्मा आदि रहे।

# बैरंग लौटे मतदाता सूची देखने को ब्लॉक पहुंचे लोग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के अवलोकनार्थ लोग विकासखंड कार्यालय में पहुंचने लगे थे। इसी बीच उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दिए जाने की खबर से लोगों को मायूस लौटना पड़ा। यहां तक कि उन्हें अवलोकनार्थ मतदाता सूची भी उपलब्ध नहीं हुई।

सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के दावेदार मतदाता सूचियों के लिए पहुंचे थे लेकिन हाई कोर्ट द्वारा चुनाव पर रोक लगाने के चलते उन्हें मतदाता सूचियां उपलब्ध नहीं कराई गईं। एडीओ पंचायत शबनम कुरैशी ने मतदाता सूची के अवलोकनार्थ पहुंचे लोगों से सरकार की वेबसाइट में देखने के लिए कहा। खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह कन्याल ने बताया कि मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री से एक दिन पूर्व मतदाता सूचियों का अवलोकन होना था लेकिन न्यायालय के स्थगनादेश के अनुपालन में चुनावी कारवाई रोक दी गई है। आज से मतदाता सूची का अवलोकन और मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री की प्रक्रिया शुरू कर 25 से 28 तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने थे। सोमवार सुबह संभावित प्रत्याशी विकासखंड में मतदाता सूची और नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे लेकिन उन्हें बैरंग घर लौटना पड़ा।

# बाजपुर में व्यापारियों ने लगाई छबील, लोगों को शरबत पिलाया

- हजारों राहगीरों और वाहन चालकों ने किया सेवन
- रामराज रोड के व्यापारियों का सामूहिक आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को रामराज रोड के व्यापारियों ने सामूहिक रूप से छबील लगाकर मीठे पानी का शरबत वितरित किया। गुरुद्वारा साहिब बाजपुर के रागी जत्थे के प्रमुख ज्ञानी विचित्र सिंह ने अरदास कर मीठे पानी पिलाने की शुरुआत करवाई।

इस दौरान हजारों राहगीरों वाहन चालकों एवं आसपास के व्यापारियों ने पानी का सेवन कर गर्मी से राहत महसूस की। इस मौके पर कहा गया कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है और तब इसकी सार्थकता एवं महत्ता और बढ़ जाती है जब लोग भीषण गर्मी में घरों से बाहर निकले हों। लोगों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ही रामराज रोड के तमाम व्यापारी पिछले कई वर्षों से सामूहिक छबील लगाकर मीठे पानी का सेवन करवाते आ रहे हैं। इस मौके पर राजन खनना, सर्वजीत सिंह, अवतार सिंह, जसप्रीत सिंह, राजीव खन्ना, मनमोहन सिंह, सुरेश सिंह, संदीप खन्ना, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में राहगीरों व वाहन चालकों को मीठे पानी का शरबत वितरित करते व्यापारी।

# काशीपुर में लगे तीन दिवसीय योग शिविर का किया समापन

संवाददाता, काशीपुर

- आयुर्वेदाचार्य रितिन योगी ने लोगों को कराया योग

**अमृत विचार :** पूर्णधेनु योग शोध संस्थान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन हो गया। यहां 21 जून से सुबह छह से सात बजे तक योग गुरु आयुर्वेदाचार्य रितिन योगी ने लोगों को योग कराया और योग क्रियाओं की जानकारी दी।

आयुर्वेदाचार्य रितिन योगी ने बताया कि योग को प्रायः हम सभी शारीरिक व्यायाम समझ लेते हैं, बल्कि ये ऐसी विधि है जो शरीर को ऐसी अवस्था में ले जाती है जहां सजगता, स्थिरता, शिथिलता, एकाग्रता, जागरूकता और ध्यान के द्वार खुलते हैं। योग शरीर की नाड़ियां (नर्व), चक (एंडोक्राइन ग्रंथियां) और आंतरिक अवयवों (ऑर्गन) को फैलाकर उनकी मालिश कर उन्हें जीवंत बनाता है और यही से शरीर स्वस्थ होता जाता है। हम किसी भी असाध्य बीमारी को योग से ठीक कर सकते हैं। पूर्ण धेनु योग के मार्गदर्शक एवं प्रेरक व्यक्ति विश्वनाथ प्रसाद ने कहा वज्रासन को भोजन के बाद करने से और मूत्र करने पश्चात पांच से 10 मिनट करने से जठराग्नि प्रदीप्त होती है, पेट के वायु विकार दूर होते हैं। बाल सफेद नहीं होते। गॉल ब्लैडर या किडनी में पथरी नहीं बनती। नाभि केंद्र में रक्त का संचार होने से नाभि हटती नहीं। उन्होंने बताया कि सभी रोग पेट से उत्पन्न होते हैं। हमें उपवास महीने में एक दिन या दो दिन या साल में एक सप्ताह या 30 दिन का उपवास रखना चाहिए, क्योंकि अब हम घर जैसा खाना नहीं खा रहे हैं, भोजन में केमिकल, पेस्टिसाइड और प्लास्टिक के कण रहते हैं। उपवास करते रहने से शरीर इन जहर को शरीर से बाहर निकालने पर काम करने लगता है।

## मुकुल ठाकुर का राजीव गांधी नवोदय में चयन

**खटीमा, अमृत विचार :** विकासखंड के दुर्गम वन ग्राम पंथागोठ के प्राथमिक विद्यालय के छात्र मुकुल ठाकुर का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा अंकिता का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ था। मुकुल ठाकुर के चयन पर विद्यालय घर-परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन पोखरिया और हरीश कुमार ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



# प्रश्नोत्तरी में शिवम को प्रथम और रोहन को द्वितीय पुरस्कार

संवाददाता, काशीपुर

- प्रतियोगिता में कनिका को मिला तीसरा पुरस्कार
- छात्राओं को विज्ञान शिक्षा की जानकारी दी

**अमृत विचार :** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए "मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा" विषय पर चर्चा की गई।

सोमवार को विद्यालय की प्राचार्या मधुबाला ने मुख्य अतिथि देहरादून वॉच ऑफिस के संसाधक दीपक कुमार पांडेय का स्वागत के साथ किया। मुख्य अतिथि ने मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा के विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

चर्चा के दौरान उन्होंने बाल प्वाइंट पेन व फुटबॉल को स्टैंडर्ड बनाने में विज्ञान के किन सिद्धांतों का कैसे उपयोग होता है, इसपर चर्चा की। इसके साथ ही बीआईएस स्टैंडर्ड वॉच को भी दिखाया। उन्होंने प्रत्येक माह के अंत में आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के बारे में बताया उसमें प्रतिभाग करने को कहा। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

जिसमें पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि दी गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार एक हजार रुपए शिवम ठाकुर, द्वितीय पुरस्कार 750 रुपए रोहन कंडारी, तृतीय पुरस्कार 500 रुपए कनिका रावत और सांत्वना पुरस्कार 250 रुपए प्रियांशु को दिए गए। वहां उप प्राचार्या विदुषी नैथानी, मानक क्लब मेंटर सुमित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 53 पाउच शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज :** अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सरकड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 53 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह नेगी व कांस्टेबल जाकिर हुसैन ने चौकी क्षेत्र में गश्त के दौरान मैना झुण्डी से खुनसरा जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध स्थिति में खड़े एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके कट्टे से 53 पाउच कच्ची शराब मिली। आरोपी ने अपनी पहचान गुरमेज सिंह पुत्र महेन्दर सिंह निवासी खमरिया, थाना नानकमत्ता, उम्र 29 वर्ष बताई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

आयोजन | गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी व पूर्व सैनिक हुए शामिल

# पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को किया सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को समाज सेवा व पूर्व सैनिकों व आश्रितों की सेवा करने पर प्रशंसा पत्र प्रदान करने पर पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

उन्होंने खड़क सिंह कार्की को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व सैनिक के पुत्र समाजसेवी नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू को पंचायत चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का आवाह्न किया। सोमवार की सायं सैनिक भवन चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में एकत्र हुए। ब्लॉक महासचिव भगत सिंह धर्मशक्तू ने कहा पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं। उनके द्वारा विगत 28 वर्षों से समाज सेवा के साथ -साथ पूर्व सैनिक की समस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष करते रहते हैं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी ने कहा पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की सेना से सेवानिवृत्ति होने के बाद से लगातार समाज सेवा में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते आ रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने कहा युवा समाजसेवी नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू पूर्व सैनिक स्व. सोवन सिंह कोरंगा के पुत्र हैं।

दोनों संगठन मिलकर पंचायत चुनाव में उनको पूर्ण सहयोग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा एवं संचालन सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान ने किया।

इस मौके पर पूर्व सूबेदार मेजर विक्रम सिंह रावत, कै. सुरेंद्र सिंह पानू, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, सचिव रमेश कन्याल, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र पाठक, सूबेदार लाल सिंह नयाल व दुर्गा सिंह राणा, राजेंद्र सिंह पानू, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह कोरंगा, राम सिंह कार्की, महेंद्र सिंह पपोला, बिशन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, राजेंद्र सिंह कोरंगा, विनोद भट्ट, हीरा पानू आदि मौजूद थे।


दिनेशपुर में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

# काशीपुर में लोकतंत्र सेनानियों को किया जाएगा सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर

- आपातकाल को 50 वर्ष पूर्ण होने पर होगा संवाद कार्यक्रम

**अमृत विचार :** देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को 50 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इसके चलते देहरादून में मुख्यमंत्री आवास पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम आगामी बुधवार को होगा, जिसमें लोकतंत्र सेनानियों, उनकी विधवा पत्नी और विधुर पति को आमंत्रित किया गया है। वहां काशीपुर के चार लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

लोकतंत्र सेनानी संघ उत्तराखंड के प्रांत अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि 25 जून 1975 को देश के ऊपर थोपे गए आपातकाल की 50 वीं बरसी है। इसे संपूर्ण देशवासी काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

पिछले वर्ष केंद्रीय सरकार ने निर्णय लिया था कि भविष्य में इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी के चलते 25 जून 2025 को मुख्यमंत्री आवास पर शाम चार से छह बजे तक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काशीपुर से महेश चंद्र अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, सरस्वती खुराना एवं आशा अरोरा को आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह पहला अवसर है कि 50 वर्ष की लंबी अवधि में लोकतंत्र सेनानी को प्रांत के मुखिया की ओर से आवास पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाना है। इस सम्मान समारोह को लेकर प्रांत के लोगों में उत्साह है। सभी लोग 25 जून को देहरादून के लिए सरकारी वाहनों से प्रस्थान करेंगे।

## सार-संक्षेप


देहरादून में सदस्य पद का कार्यभार ग्रहण करते बाजपुर के डॉ. सुरेंद्र जैन।

### अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. सुरेंद्र जैन ने कार्यभार किया ग्रहण

**बाजपुर :** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बने बाजपुर निवासी डॉ. सुरेंद्र जैन ने सोमवार को देहरादून स्थित उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण भवन में अन्य सदस्यों के साथ कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी की सलाह पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग में सात नए सदस्यों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसमें मुस्लिम एक महिला व दो पुरुष सहित तीन, सिख समुदाय से दो, बौद्ध और जैन समुदाय से एक-एक कुल सात प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। इसमें बाजपुर निवासी जैन समुदाय से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद्, कवि एवं साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र जैन इस आयोग के सदस्य नियुक्त किए गए हैं। वह पिछले कई दशकों से सामाजिक, साहित्यिक व शैक्षिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उत्तराखंड में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डॉ. जैन द्वारा अब तक विभिन्न पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं जिनमें आत्म मंथन (काव्य संग्रह) भारतीय साहित्य में पर्यावरणीय चिंतन (शोध ग्रंथ) रेहड़ी पर एवरेस्ट (जीवनी) आदि चर्चित हैं। इसके अलावा कविता वाचन, लेखन और कार्यशाला के लिए देशभर की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड के सभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक सौहार्द को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


बाजपुर में विधानसभा पर्यवेक्षक संदीप सहगल का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### बाजपुर विधानसभा पर्यवेक्षक संदीप सहगल का स्वागत

**बाजपुर :** सोमवार को क्षेत्रीय विधायक नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के कैंप कार्यालय पहुंचे बाजपुर विधानसभा पर्यवेक्षक संदीप सहगल का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पद के पार्टी के संभावित प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने सभी के आवेदन प्राप्त कर लिए हैं और गहन मंथन के बाद प्रत्याशियों के नामों पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनवर अली, अफसर अली, फुरकान अहमद, सियाराम, शकील, नितिन बिष्ट, बिल्लू, बिजेंद्र सिंह डोगरा, लाइक, नौशाद अली, पंचम सिंह, प्रमोद जोशी, गुलवेश, परमजीत हांडा, सद्दाम, इमरान, पूरन सिंह बिष्ट, जमन सिंह, हरप्रीत सिंह निज्जर, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### फर्जी दस्तावेजों से मदिरा की दुकान संचालित करने का आरोप

**सितारगंज :** प्रतिष्ठित व्यापारी गोविन्द कुमार गोयल ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेज कहा है कि सितम्बर 2022 में उन्हें तहसीलदार द्वारा एक रिकवरी नोटिस दिया गया, जिसमें 47 लाख रुपये से अधिक की आबकारी विभाग की देनदारी बताई गई है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी भी ऐसी किसी दुकान का संचालन नहीं किया। सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज हासिल करने पर पता चला कि उनके नाम पर टनकपुर रोड और फुलसुंगा स्थित देशी मदिरा की दुकानों का संचालन उनके पूर्व साझेदार हवा सिंह ने फर्जी हस्ताक्षर व दस्तावेजों से किया है। गोयल का आरोप है कि हवा सिंह ने पूर्व में साझेदारी में कार्य करने के आधार पर उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और बिना जानकारी के तीन दुकानों का संचालन किया, जिससे अब उन्हें गलत तरीके से बकायेदार बनाया गया है। उन्होंने पहले भी यह शिकायत 5 दिसंबर 2022 को कोतवाली सितारगंज व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पंजीकृत डाक से भेजी थी, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। व्यापारी ने कहा कि इससे उनकी सामाजिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है और वह मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने फर्जीवाड़ा करने वाले हवा सिंह व संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# कांवड़ मेला 11 जुलाई से, 23 को जलाभिषेक

## 13 से 17 जुलाई तक पंचक, डाक कांवड़ 20 से, यात्रा में बड़े डीजे साउंड पर प्रतिबंध, मुख्य सचिव ने बैठक में दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** हरिद्वार में उत्तर भारत का प्रसिद्ध कांवड़ मेला आगामी 11 जुलाई से आरंभ होगा जबकि समापन 23 जुलाई को होगा। पंचक अवधि 13 से 17 जुलाई तक रहेगी और डाक कांवड़ का दौर 20 से 23 जुलाई तक चलेगा। श्रावण शिवरात्रि का जलाभिषेक 23 जुलाई को होगा।

मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन ने सोमवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को उत्तर प्रदेश से संबंधित और अंतर्जनपदीय मसलों पर समय रहते विचार-विमर्श करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीएस ने सभी विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को कांवड़ मेले के संचालन से संबंधित सभी तैयारियां को समय से पूरा करने के निर्देश देते कहा कि, व्यवस्थित कांवड़ मेले में बाधक बनने वालों (नशे में लिप्त, उत्पात मचाने वालों, हिंसक प्रवृति को बढ़ावा देने वालों) पर सख्ती की जाए तथा मेले के दौरान बड़े डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाए।



### 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टर

बैठक में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कांवड़ मेले के प्रबंधन हेतु संपूर्ण मेला क्षेत्र में 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इस बार दोनों जोन और सेक्टर बढ़ाए गए हैं। वर्ष 2023 और 2024 में सुपर जोन 12 और 13, जोन 32 और 33 और सेक्टर 119 और 126 बनाए गए थे।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

सीएस बर्द्धन ने नगर निकायों को नियमित साफ- सफाई, शौचालय व पार्किंग, जल संस्थान को पेयजल की निर्बाध सप्लाई, फूड सेफ्टी विभाग को खानपान



की चीजों की नियमित देख-रेख और पूर्ति विभाग को किसी भी तरह की ओवर रेटिंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि में यदि किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित विभाग और संबंधित कार्यदायी संस्था पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संबंधित कार्यदायी संस्थाओं की बैठक करते हुए उनको आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा। उन्होंने सिंचाई विभाग को विभिन्न स्नान घाटों और पुलों पर बेहतर साफ-सफाई और जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### डीएम व एसएसपी ने दिया प्रेजेंटेशन

बैठक में डीएम और एसएसपी हरिद्वार द्वारा कांवड़ मेले के केंद्र बिंदु हरिद्वार कांवड़ के सफल संचालन हेतु की गई तैयारियों, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का विवरण प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। यातायात के प्रबंधन के लिए विभिन्न रूट, स्थायी-स्थायी पार्किंग, जनपद में आने वाले तथा अन्य जगह जाने वाले वाहनों के अनुरूप रूट डाइवर्जन प्लान इत्यादि से अवगत कराया। कांवड मेले के संचालन से संबंधित चुनौतियों तथा उनसे निपटने के लिए किए जाने वाले स्थाई- अस्थाई निर्माण कार्यों की आवश्यकता और उससे संबंधित बजटीय प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। देहरादून, पौड़ी और टिहरी जनपदों द्वारा भी अपनी तैयारी और बजटीय आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। बैठक में एडीजी वी. मुरुगेशन, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ महिला समेत तीन दबोचे

**काशीपुरः** पुलिस ने विभिन्न स्थानों से गस्त के दौरान कच्ची शराब बेचते एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर तीनों का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने कांस्टेबल जगदीश पपनै व सुनील कुमार से साथ गश्त के दौरान भीमनगर पुलिया से बाईं ओर सीतारामपुर जाने वाली सड़क से बज्जर पट्टी, भीम नगर निवासी तास चन्द्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक की जरीकेन में करीब 25 लीटर अवैध शराब बरामद की।

आईटीआई पुलिस ने भी आलू फार्म स्थित एक नमकीन फैक्ट्री के पीछे कच्ची शराब बेचते अमरजीत कौर को 68 पाउच कच्ची शराब बरामद की। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मीनाक्षी मनराल, एएसआई रविन्द्र सिंह, कांस्टेबल योगेश पाण्डेय, रमेश बंग्याल थे। आईटीआई थाना से उपनिरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने कांस्टेबल ललित चौधरी व योगेश चौधरी ने गश्त के दौरान खड़कपुर देवीपुरा में एक बंद घर के बाहर कच्ची शराब बेचते ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी परमजीत सिंह के कब्जे से 40 पाउच कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की है।

# जिला पंचायत सदस्य पद के लिए की रायशुमारी

संवाददाता, खटीमा

- छह सीटों के लिए 13 ने पेश की दावेदारी

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी की बैठक में दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा तथा चंपावत के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राम दत्त जोशी की उपस्थिति में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद पर दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों को लेकर रायशुमारी की गई।

मंडी समिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के साथ-साथ जिला और मंडल के पदाधिकारी रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के छह पदों पर 13 प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की। जिसमें बिगराबाग सीट से ॠतु जेठी और स्नेह गोस्वामी, नगला तराई से सागर सिंह धामी और गणेश जोशी, गांगी से हेमा मुंडेला, भावना मनोला और पुष्पा देवी, प्रतापपुर से रोशन सिंह और अमनदीप कौर, मझोला से मो. अनीस और वीरेंद्र कुमार तथा पहेनियां से कविता राणा, द्रौपदी राणा और संगीता राणा ने दावेदारी पेश की। दर्जा राज्य मंत्री मेहरा ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्यों पर उम्मीदवारों को लेकर रायशुमारी की जा रही है जिसकी लिस्ट रायशुमारी के बाद शीर्ष नेतृत्व को भेज दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी और संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने किया। कार्यक्रम का संयोजन रमेश जोशी ने किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने प्रखर राष्ट्रवादी पथ प्रदर्शक जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया और उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, सतीश गोयल, गंभीर सिंह धामी, विमला मुंडेला, जानकी गोस्वामी, विक्रम भट्ट, बलदेव सिंह, सोमनाथ मौर्य, सतीश भट्ट, नवीन सिंह बोरा, भवानी सिंह भंडारी, राम सिंह जेठी, नवल वाल्मीकि, माया जोशी तथा गणेश जोशी रहे।

# 3.20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का मास्टरमाइंड दबोचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- उत्तराखंड एसटीएफ ने गुरुग्राम से की गिरफ्तारी

**अमृत विचारः** फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स का उपयोग कर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना को उत्तराखंड एसटीएफ और गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (14सी एमएचए) के संयुक्त तकनीकी सहयोग से गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि एक प्रकरण जनपद टिहरी गढ़वाल निवासी पीड़ित द्वारा इसी वर्ष माह मई में दर्ज कराया गया था, इसमें शिकायतकर्ता को माह मई में एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें व्हाट्सएप नंबर सेव करने का अनुरोध किया गया और अपने आप को मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में पेश कर बताया कि एक नया प्रोजेक्ट है और उसके लिए हमें 1.95 करोड़ की एडवांस पेमेंट की आवश्यकता है। इसके बाद, तुरंत यह पेमेंट प्रोसेस करने को कहने लगे। पीड़ित से उन्होंने वही राशि श्याम ट्रेडिंग कंपनी के खाते में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया जिसके बाद उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। शिकायतकर्ता को फर्जी मैनेजिंग डायरेक्टर, फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स के नाम का गलत उपयोग कर अभियुक्त द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध कराये गये विभिन्न बैंक खातो में लगभग 3.20 करोड़ रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से जमा करायी गयी। एसपी ने बताया कि इस मामले में एक अभियुक्त पूर्व में भी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। अब गिरोह का सरगना ग्राम नाथुपुर, डीएलएफ, गुरुग्राम (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। इससे घटना में प्रयुक्त नौ चेक बुक, पांच पासबुक, दो पैन कार्ड, दो एटीएम कार्ड, तीन स्वाइप मशीनें, एक क्यूआर कोड मशीन, एक फिंगरप्रिंट स्कैनर, एक लैपटॉप, दो जियो राउटर, एक मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज से तैयार आधार कार्ड आदि सामान बरामद हुआ हैं।

# आपसी विवाद में खौलता तेल डाला, दो युवक झुलसे


किच्छा में एसडीएम से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** चाइनीज फूड ठेला व्यापारियों में किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कढ़ाई में खौलता हुआ तेल डाल दिया। घटना में दो युवक गरम तेल की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना पर पहुंचे देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने ठेला व्यापारियों को शांत करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में व्यापार करने की नसीहत दी। व्यापारी नेताओं ने उप जिलाधिकारी से वार्ता कर व्यवस्था सुधारने की मांग की। घटना में घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल के पिता महेंद्र सिंह पुत्र बादाम सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुरानी गल्ला मंडी निवासी दीपक, काली उर्फ सूरज, रोहित, शुभम, आकाश, सतीश, राजू, छोटू, डब्बू अनिल पर खौलता तेल डालने व गल्ले में रखे 15 हजार रुपए लूटने का भी आरोप लगाया है। घटना में रवि भी झुलस गया है। व्यापारी नेता फुटेला ने बताया कि एसडीएम गौरव पांडे ने मामले की जांच करने तथा अंतिम निर्णय लेने के लिए तीन दिन का समय लिया है। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, जगरूप सिंह गोल्डी, खालिद इकबाल अहमद, दानिश इकबाल अहमद, राजेंद्र राठौड़ सहित तमाम व्यापारी भी मौजूद रहे।

## धर्म दर्शन

### कृष्ण काली: समय और अनंत काल का दिव्य नृत्य


वेदान्तिक ज्ञान के रहस्यमय आवरण में, दो विरोधाभासी शक्तियां एक पारलौकिक सत्य के रूप में उभरती हैं: कृष्ण, दिव्य प्रेम के मोहक बांसुरीधारी, और काली, समय और परिवर्तन की उग्र देवी। यह गहन एकता केवल उन्हीं के लिए प्रकट होती है जो द्वैत के आवरण को भेदते हैं और सृजन और विघटन के शाश्वत नृत्य की झलक देखते हैं।


शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

कृष्ण काली, देवत्व, पुरुष और प्रकृति के पुरुषत्व और स्त्रीत्व के परम संश्लेषण को उनकी सबसे उदात्त अभिव्यक्ति में दर्शाती हैं। कृष्ण शाश्वत साक्षी, अपरिवर्तनीय चेतना का प्रतीक हैं जो समय से परे रहते हैं, जबकि काली समय की गतिशील शक्ति के रूप में प्रकट होती हैं। वह शक्ति जो ब्रह्मांडीय चक्र में सृजन और विनाश दोनों करती हैं। साथ में, वे प्रकट करते हैं कि प्रेम और समय अलग-अलग शक्तियां नहीं हैं, बल्कि एक ही दिव्य वास्तविकता के जुड़वां पहलू हैं।

भगवद गीता में कृष्ण के बारे में कहा गया है कि, "मैं काल हूं, संसार का संहारक और निर्माता" (कालोऽस्मि लोकक्षयकृत प्रवृद्धो),

जो काली के व्यक्तित्व के साथ अपनी पहचान को प्रकट करता है। यह केवल



दार्शनिक अमूर्तता नहीं है, बल्कि एक जीवंत सत्य है कि सर्वोच्च प्रिय और भयानक मां एक ही चेतना हैं, जो अस्तित्व की भूलभुलैया के माध्यम से आत्माओं का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होती हैं।

हृदय के गुप्त कक्षों में, भक्तों ने लंबे समय से यह पहचान लिया है कि कृष्ण की दिव्य लीला और काली का ब्रह्मांडीय नृत्य अविभाज्य हैं। मिट्टी के बर्तनों से मक्खन चुराने वाला गोविंदा वही शक्ति है जो अहंकार की आसक्तियों को चुरा लेती है। अपने भक्तों को अपनी बांसुरी की मधुर धुन से बुलाने वाला प्रेमी ग्वाला, विवेक की तलवार से भ्रम को काटने वाली उग्र माता के समान है।

यह दिव्य एकता रहस्यवादी के अनुभव में इस मान्यता के रूप में प्रकट होती है कि प्रेम के प्रति समर्पण और काल के अटल प्रवाह के प्रति समर्पण एक ही समर्पण हैं।

जो भक्त कृष्ण के प्रेम में खुद को खो देता है, वह पाता है कि उसे काली की परिवर्तनकारी शक्ति ने गले लगा लिया है। जो साधक काली की भयानक दया के आगे झुकता है, वह खुद को कृष्ण के शाश्वत आनंद में नाचता हुआ पाता है।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -10 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | ■ | 2 अ | ■ | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | ■ | ■ |
| ■ | गी | ■ | ले | ■ | ■ | 5 उ |
| 6 छु | ■ | 7 उ | ख | म | ■ | त |
| 8 आ | कं | प | न | ■ | 9 दू | र |
| छू | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | वा |
| त | ■ | 10 द | ल | म | ल | ना |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18.59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 12.54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।


मेष
आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।


वृष
आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।


मिथुन
आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।


कर्क
आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।


सिंह
आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।


कन्या
आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।


तुला
आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।


वृश्चिक
आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।


धनु
आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।


मकर
आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन:स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।


कुंभ
आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।


मीन
आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

## सुडोकू-18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

# गुलदार के हमले से पिता पुत्र घायल, गांव में दशहत

## ग्राम पंचायत माल में घटना, एक युवती हमले में बाल-बाल बची

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय समेत ग्रमीण इलाकों में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत माल गांव में गुलदार ने पिता-पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। वहीं, एक युवती गुलदार के हमले से बाल-बाल बच गई।

सोमवार सुबह करीब छह बजे माल गांव निवासी हिमानी घर के आंगन में कुत्ते को घुमा रही थी। इतने में घात लगाये गुलदार ने कुत्ते पर हमला बोल दिया। युवती ने शोर मचाया तो गुलदार पास के ही आवासीय भवन की गैलरी में जा घूसा। हमले की भनक लगते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान जैसे ही गांव के ही दिनेश बिष्ट उस ओर गया, गुलदार ने उस पर एकाएक हमला कर दिया। यह देख दिनेश का बेटा धन सिंह बिष्ट बचाने गए तो गुलदार ने उन पर भी हमला कर दिया। गुलदार के हमले से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि दोनों के शरीर में गुलदार के दांत और पंजे के निशान है। बताया कि दोनों की हालत खतरे से बाहर है। इधर, सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग ने टीम ने गांव में डेरा जमा लिया है।


अल्मोड़ा के मालगांव में गुलदार के हमले से घायल पिता-पुत्र। ● अमृत विचार

### गांव में दशहत का माहौल

मालगांव में गुलदार के हमले के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। कहा कि बीते चार माह से क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है। दर्जनों गाय और बैल पर गुलदार हमला कर चुका है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गुलदार के हमले की सूचना मिलने के बाद ही मौके पर वन विभाग की टीम को भेज दिया गया था। घायलों का बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं, टीम को गश्त पर लगा दिया गया है। **–मोहन राम**, वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा।

# कुमाऊं महोत्सव: खूब रंग जमाया कलाकारों ने

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव जारी है। रविवार देर रात महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वहीं, लोक कलाकारों ने शानदार गीतों की प्रस्तुति देकर महोत्सव में रंग जमा दिया।

नगर के जीआईसी खेल मैदान में आयोजित कुमाऊं महोत्सव में सोलो डांस कंप्टीशन का क्वार्टर फाइनल हुआ। इसमें विभिन्न गानों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए गए। वहीं, स्टार नाइट में सूरज प्रकाश ने प्रस्तुति देकर रंग जमाया। उनकी ओर से सुरीली बसंता जोड़ा, सुमना, ओ गंगा भागीरथी गंगा आदि की प्रस्तुति दी गई। वहीं, विक्की कुमार ने जय हो कुमाऊं जय हो गढ़वाला, घुघुती चाडी, राजुली जोड़ा, अल्मोड़ा की रूनी मनीषा जैसे गीत गाकर महोत्सव में रंग जमाया। वहीं, खुशी बिष्ट की ओर से कुमाउनी रीमिक्स गानों में नृत्य प्रस्तुत किया गया। लोगों ने भी महोत्सव में हुए कार्यक्रमों का खूब आनंद लिया। यहां पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, समिति अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, खेल संयोजक हरीश कनवाल, हर्षिता तिवारी, डॉ. संतोष बिष्ट, चेतन पांडे, युवम बोहरा, प्रदीप मेहता, भानु पंत, जयदीप पांडे, लक्की पवार, लावन्या मठपाल आदि रहे।




कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।

## पर्यटक पर हमला करने वाले 3 धरे

**नैनीताल, अमृत विचार:** उत्तराखंड घूमने आये उत्तर प्रदेश के एक पर्यटक पर चाकू से हमला कर घायल करने के आरोपी तीन युवकों को नैनीताल पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार, रविवार को नैनीताल घूमने आए उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती निवासी कौशलेंद्र श्रीवास्तव के साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट करने के साथ ही चाकू से हमला कर दिया था।

नैनीताल पुलिस तत्काल हरकत में आई और पूछताछ व साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों-सौरभ निवासी चार्टन लॉज, मल्लीताल, नैनीताल, सूरज कुमार आर्य निवासी ऋतुराज कंपाउंड, मल्लीताल, नैनीताल व दिनेश आर्य निवासी चार्टन लॉज कंपाउंड, मल्लीताल, नैनीताल को गिरफ्तार कर लिया।

## कच्ची शराब के साथ दबोचा

**सितारगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हल्का साधूनगर में अपर उप निरीक्षक राकेश सिंह रौंकली ने गश्त के दौरान बलविन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम सरौजा थाना नानकमत्ता के पास से 16 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के अंतर्गत गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग का बढ़ेगा कुनबा


उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक के दौरान संगठन के सदस्य।

- पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा
- शासन प्रशासन से समस्याओं के निदान की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की सोमवार को मासिक बैठक हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर के तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने को लेकर अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को जोड़ने का निर्णय लिया गया।

लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सैनिकों में विचारों की भिन्नता के कारण अलग होने वालों को फिर से लीग में लिया जाए। इसके लिए छह जुलाई को बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें सदस्यता ग्रहण करने के लिए नियमानुसार प्रक्रिया की जाएगी। इसके अलावा बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा कर प्रशासन से इनके निदान की मांग उठाई। यहां बैठक में पूरन सिंह मेहता, आशीष वर्मा, पूरन लोहनी, मनमोहन वर्मा, पूरन तिवारी, मोहन अलमिया, सुधीर जोशी, मोहन बिष्ट, आनंद सिंह, राजेंद्र साही, गजेंद्र साह, एलडी शर्मा, आनंद बिष्ट, नवीन जोशी, शरद कुमार आदि थे।

# कैलाश नदी से बाढ़ का खतरा, सुरक्षा की मांग

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** उप तहसील नानकमत्ता के अंतर्गत ग्राम साधूनगर के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड को एक प्रार्थना पत्र भेज बरसात से पहले कैलाश नदी में पक्की पिचिंग और पुल निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बरसात में कैलाश नदी उफान पर आ जाती है, जिससे साधूनगर और आसपास के आबादी क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुस जाता है और लोगों की फसलें, मकान और जान-माल को भारी नुकसान पहुंचता है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुल न होने के कारण बरसात के दिनों में गांव पूरी तरह से अलग-थलग पड़ जाता है और स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों और मरीजों को 20 से 25 किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर सितारगंज जाना पड़ता है, जिससे उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साधूनगर से कश्मीरी फार्म और लक्ष्मीझाला तक पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। कहा कि आगामी मानसून से पहले पक्की पिचिंग और पुल निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए ताकि बाढ़ से लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने डीएम, एसडीएम, सिंचाई विभाग के अधिकारियों और विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को भी ज्ञापन की प्रतियां प्रेषित की हैं। ज्ञापन देने वाले ग्रामीणों में भगवानदास, राज कुमार, हरिओम, दशरथ प्रसाद, शिवशंकर, बबिता, धर्मेन्द्र सिंह, गुरुचरण, शकुंतला, रोहित, उमेश आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति को लेकर शिक्षकों में रोष

- अल्मोड़ा में पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन की हुई बैठक
- बैठक में शिक्षकों कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन की सोमवार को बैठक हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं समेत पदोन्नति न होने पर रोष जताया। शिक्षकों ने जल्द समस्याओं के निदान की मांग की।

नगर के रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कलस्टर विद्यालयों को लेकर विरोध जताया। साथ ही कहा कि शिथिलीकरण शासनादेश जारी होने के बाद भी विभागों में पदोन्नति नहीं हो रही है। कार्मिकों ने पदोन्नति, एक्ट विसंगतियों का निराकरण, फारगो नियमावली विसंगति निराकरण, गोल्डन कार्ड विसंगति को दूर करने, सभी स्कूलों में संस्थाध्यक्ष की नियुक्ति, पुरानी पेंशन बहाली आदि की मांग की।

डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन के अध्यक्ष व उत्तरांचल पर्वतीय शिक्षक संगठन के संगठन मंत्री डीके जोशी की पत्नी के निधन व नरेंद्र सिंह महिपाल की माता के निधन पर शोक भी जताया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार जोशी, सचिव धीरेंद्र कुमार पाठक, संरक्षक गोकुल सिंह मेहता, पीएस बोरा, महेंद्र सिंह गुसाईं, रमेश चंद्र पांडेय, भगवत सिंह सतवाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार जोशी, मेहताब अंसारी, एमएस राजपूत, गणेश भंडारी, प्रमोद पंत, कैलाश गिरी, लाल सिंह आदि रहे।



पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन की बैठक में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

# भूख हड़ताल पर 115 वीं बार बैठे 74 वर्षीय चेतराम

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** गंगनौला निवासी 74 वर्षीय चेतराम ने अपने बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर लोहाघाट अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। चेतराम 115वीं बार भूख हड़ताल पर बैठे हैं, उन्हें हर बार आश्वासन देकर उठा दिया गया है।

कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती वह अनशन से नहीं हटेंगे, भले ही इसके लिए आत्मदाह करना पड़े। बताया कि 1993 में वह लोक निर्माण विभाग में राजमिस्त्री के रूप में कार्यरत थे। पीजी कॉलेज भवन निर्माण के दौरान छत से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। विभाग ने उन्हें सरकारी नौकरी और मुआवजे का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ नहीं मिला। 2008 में वह उद्यान विभाग में श्रमिक के रूप में कार्यरत रहे। 2010 में अस्वस्थता के कारण उनके बेटे हेम कुमार को 2011 में उद्यान विभाग में नौकरी दी गई, लेकिन 2014 में प्रशिक्षण के नाम पर उसे हटा दिया गया। 2020 में उपजिला अस्पताल में हेम को मानदेय पर वार्ड ब्वाय की नौकरी मिली, लेकिन अप्रैल 2025 में उसे फिर से हटा दिया गया।


लोहाघाट अस्पताल के पास बैठे चेतराम।

## नदी में डूबे जवान का शव बरामद

**हल्द्वानी:** यूएस नगर के गूलरभोज में नदी में डूबे सेना के जवान का शव राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने सोमवार को बरामद कर लिया। रविवार को सीओ बाजपुर ने एसडीआरएफ को सूचित किया था कि गूलरभोज क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति नदी में डूब गया है।

रुद्रपुर से उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह की अगुवाई में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। मौके पर देर रात तक तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन अंधेरा व तेज बहाव के कारण डूबे व्यक्ति का पता नहीं चल पाया। सोमवार सुबह पुनः तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें सफलता हाथ लगी और शव बरामद कर लिया गया। शव की पहचान हिमांशु मिश्रा निवासी बैंगलोर (कर्नाटक) के रूप में हुई, जो भारतीय सेना की आर्मी सप्लाई कोर में तैनात थे और वर्तमान में हल्द्वानी में सेवा दे रहे थे।

# पालिका परिषद क्षेत्र में बांटे जाएंगे डोर-टू-डोर डस्टबिन

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** चिलियानौला नगर पालिका परिषद सभागार में सभी सात वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था बनाने के लिए डस्टबिन वितरण का शुभारंभ किया गया। परिषद अध्यक्ष अरुण रावत ने कहा कि पालिका क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत सभी नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक जीवन सिंह मेहरा को स्वच्छता अभियान का एंबेसडर मनोनीत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया।

सोमवार को नगर पालिका परिषद सभागार में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सभी वार्डों में नागरिकों को डस्टबिन वितरण करने का शुभारंभ किया गया। सभी वार्डों के मेंबर की उपस्थिति में परिषद के स्वच्छता कर्मी घर-घर जाकर डस्टबिन वितरण करेंगे। बैठक में मौजूद सभासदों ने स्वच्छता के लिए अपने विचार प्रकट किए। वहीं एंबेसडर बने जीवन सिंह मेहरा ने कहा कि हमारा दायित्व है परिषद क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत, अधिशासी अधिकारी दीपा परिहार, सभासद शंकर दत्त बुधौरी, सुंदर कुर्वाबी, पूजा आर्या, बीना नेगी, आशीष पांडे, जीवन सिंह मेहरा, शाहिद आदि स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे।



घर-घर डस्टबिन वितरण का शुभारंभ करते परिषद अध्यक्ष व सभासद।

# इंश्योरेंस कंपनी को 24.37 लाख अदा करने के आदेश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** वाहन दुर्घटना के एक मामले में जिला न्यायाधीश की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने इंश्योरेन्स कंपनी को पीड़ित को छह माह के भीतर बीमे की 24 लाख 37 हजार 925 रुपये की धनराशि भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

अधिवक्ता दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि मामला सितम्बर 2023 में याचिकाकर्ता उमा साह और अशोक कुमार साह निवासी ग्राम माल, करबला अल्मोड़ा ने न्यायालय में एक वाद दायर किया है। वाद में कहा कि उनका बेटा हिमांशु साह एक निजी स्कूल में शिक्षक होने के साथ बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। सात सितम्बर को ट्यूशन पढ़ाने कोसी की ओर जा रहा था। आरटीओ कार्यालय के पास अनियंत्रित बोलेरो ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हिमांशु को बचाया नहीं जा सका। मुकदमे के बाद मामला कोर्ट पहुंचा तो वाहन स्वामी राजेंद्र लाल बाराकोटी, चालक विनीत बाराकोटी निवासी सरकार की आली, लोअर माल रोड अल्मोड़ा, श्रीराम जनरल फाइनेंस कंपनी लिमिटेड तिकोनिया हल्द्वानी और द न्यू इण्डिया एंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड अल्मोड़ा को विपक्षी बनाया। शुक्रवार को न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए द न्यू इण्डिया एंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड अल्मोड़ा को बीमे के 24,37,925 रुपये का भुगतान छह फीसदी ब्याज के साथ करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए छह माह का समय दिया गया है।

# टनकपुर नगर पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव किए गए पास

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाए जाने समेत कई प्रस्ताव पालिका बोर्ड की बैठक में पास किए गए। पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता व ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी के संचालन में आयोजित बैठक में राज्य के स्वर्ण जयंती के अवसर पर शासन के निर्देश पर नेहरू पार्क का जीर्णोद्धार करने पर सर्वसहमति की गई।

नगर के विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गों का सुधारीकरण एवं नए मार्गों का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव सर्वसहमति से किया गया। इसके अलावा नगर के सभी 11 वार्डों में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था सूचारू किये जाने एवं नगर क्षेत्र में वृहद सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई कर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव एवं फॉगिंग करने, वार्ड नं. 3 बंगाली कालोनी की भूमि का हस्तान्तरण संबंधित कार्यवाही किये जाने और साथ ही मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत नगर पालिका कार्यालय के जीर्णोद्वार के प्रस्ताव पर सर्वसहमति के साथ ही वार्ड नं 5 में निर्धन परिवारों के शादी-विवाह के लिए हाल का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक में पालिका के सभासद दिनेश कुमार, हसीब अहमद, दिलदार अली, वकील अंसारी, वर्षा शर्मा, सब्या बाल्मिकी, चर्चित शर्मा, आशा भट्ट, बबिता वर्मा, शैलेन्द्र कुमार, सविता बिष्ट पालिका के जेई लक्ष्मण सिंह बोहर, वरिष्ठ लिपिक बसंत राज चन्द, विनोद चन्द्र बिष्ट, प्रिया बिष्ट मौजूद रहे।


टनकपुर पालिका बोर्ड की बैठक में जानकारी देते ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी।

**आयोजन** | टनकपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर किया याद

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर टनकपुर नगर पालिका सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। उपस्थित सभी अतिथियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर टनकपुर मंडल, धूरा अमोड़ी मंडल एवं बनबसा मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा की प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेखा देवी, पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, भाजपा जिला महामंत्री पूरन मेहरा, टनकपुर मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, बनबसा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, धूरा मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह एवं टनकपुर के पूर्व मंडल महामंत्री शशांक गोयल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र के लिए उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके द्वारा जम्मू-कश्मीर में "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" के नारे को याद करते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रभक्त बताया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी।


टनकपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि।



रानीखेत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मौजूद अतिथि।

## डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला

**रानीखेत, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय ताड़ीखेत में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीप भगत रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रानीखेत डॉक्टर प्रमोद नैनवाल, कार्यक्रम के संयोजक ध्यान सिंह नेगी, सभासद कैंट मोहन नेगी, विधायक प्रतिनिधि गिरीश भगत द्वारा डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। यहां मंडल अध्यक्ष ललित मेहरा, मुकेश पांडे, राम सिंह रावत, उमेश पंत, दर्शन मेहरा, शंकर लाल, मनजीत भगत, अजय चौहान, नीरज तिवारी, धन सिंह रावत सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद पर तीन दावेदारों का नामांकन

- सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर दो-दो की दावेदारी
- 25 जून नामांकन पत्र जमा करने की है अंतिम तिथि

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** बार संघ चुनाव के लिए नामांकन पत्र जमा हो रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किए। सचिव पद पर तीन तो कोषाध्यक्ष पद पर अब तक दो दावेदार मैदान में हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी पाटनी ने बता या कि बार संघ चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया में अब तक अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार सामने हैं। इस पद पर एमसी भट्ट, अजय बोहरा और राजेश तिवारी ने नामांकन कराया है। उपाध्यक्ष पद पर एकमात्र दावेदार अनिल रौतेला ने ताल ठोकते हुए नामांकन पत्र जमा किया है। सचिव पद पर पंकज शर्मा, आशीष हावर्ड और मोहन सिंह नाथ, उपसचिव पद पर मन्नू भट्ट, विनोद सिंह मतवाल, कोषाध्यक्ष पद पर सुमित पंत और संजय भट्ट मैदान में हैं। बताया कि 25 जून नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि है। 26 जून को नामांकन पत्रों की जांच, 27 को नाम वापसी होगी। पांच जुलाई को मतदान और इसके तुरंत बाद मतगणना होगी। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी



● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है। प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण



डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।

### क्या है डेरिवेटिव

- डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- कम पूंजी में उच्च लाभ : निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- पोर्टफोलियो विविधता : इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- लिक्विडिटी : प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

पश्चिम एशिया संघर्ष



● भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

#### 4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

#### ऐश्वर्या गौड़ा धोखाधड़ी में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक निवासी ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। वहीं इस मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई सुरेश बेंगलुरु में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।



राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी: थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

### थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

जम्मू, एजेंसी

● आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

# पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां



हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेंसी

# प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसाइटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं, जिनमें स्मृति ईरानी, कपूर, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं।पीए मएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां पर प्रधानमंत्री संग्रहालय भी अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को हाल ही में पीएमएमएल का निदेशक नियुक्त किया गया।



### नारायण-गांधी के वार्ता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का मंगलवार को आरंभ करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था, जो वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। वैकोम सत्याग्रह केरल में अस्पृश्यता के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन था जो 1924 में शुरू हुआ था और एक वर्ष से अधिक समय तक चला था।

# हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे

रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

# मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप




लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> –ओली पोप, उप कप्तान, इंग्लैंड

# लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा

लीड्स, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**




## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

**अटलांटा :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



### रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका) :** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स) :** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर


**माराकेच (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।



प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी

# राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

## पहले टेस्ट के चौथे दिन फिर गरजा भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला, दूसरी पारी में बने 364 रन



केएल राहुल।

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 364 रन बना लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) के शतकों से भारत 370 रन की बढ़त हासिल कर मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स और जोश टंग ने तीन तीन विकेट झटके। शोएब बशीर को दो विकेट मिले।

पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बन गए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत एक रन लेकर 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने।

भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी आक्रामक खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे।

शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही लय जारी रखी और शोएब बशीर की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए।



शतक बनाने के बाद फिर अनोखे अंदाज में जश्न मनाते ऋषभ पंत। ● एजेंसी

पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने निजी स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए जिन्हें ब्रायडन कार्स ने गुडलेंथ गेंद पर बोल्ड किया। पर राहुल और पंत ने बेहतरीन टाइमिंग और संयम से बल्लेबाजी की। इसके अलावा इंग्लैंड के गेंदबाजों को पहले सत्र में और कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि उन्होंने अपनी लाइन एवं लेंथ से दोनों बल्लेबाजों को परेशान किया।

गिल के आउट होने के बाद पंत क्रीज पर उतरे और उन्होंने हमेशा की तरह शानदार शॉट खेलते हुए तेज गेंदबाजों पर रन जुटाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि वह जिस तरह के शॉट खेलना चाह रहे थे, उसे खेलने के लिए कनेक्ट नहीं कर पाए।

पंत ने क्रिस वोक्स की गेंद पर शुरुआत की जो उनके बल्ले से लगकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से गई। फिर इस विकेटकीपर ने स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप खेलने का प्रयास किया। फिर एक खराब शॉट खेलने के बाद खुद से नाराज भी दिखे जिसे 'स्टंप माइक' में सुना जा सकता था और तभी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया। पर टीवी अंपायर ने पंत के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि स्विंग लेती फुल लेंथ गेंद भारतीय बल्लेबाज के पैड पर लगने से पहले बल्ले से टकराई थी।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

### पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने

**लीड्स, एजेंसी :** भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शतक लगाने के साथ दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत ने पहली पारी में 134 रन की शानदार पारी खेली और दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। उनका दूसरा शतक धैर्यपूर्ण था। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। अभी तक केवल सात भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए हैं। पंत अब उस विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर (तीन बार), राहुल द्रविड़ (दो बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पंत के प्रदर्शन ने यह भी दूसरी बार चिह्नित किया कि दो भारतीय सलामी बल्लेबाजों – केएल राहुल और रोहित शर्मा – ने इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाए हैं।

# कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।




- **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

## संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप दीक्षा और त्वेसा

**बेरून (चेक गणराज्य) :** पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।

यह इस सत्र में पहला अवसर था, जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी।

# मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली

कोलकाता, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।

## पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।

# हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।


- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**



**183** मैच खेले

**67** गोल किए

## पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य, युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज, सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### द.कोरिया: सांसद को रक्षा मंत्री नामित किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरलों को रक्षा मंत्री नियुक्त करने की परंपरा को तोड़ते हुए पांच बार के सांसद आह्न ग्यू-बैक को सोमवार को रक्षा मंत्री पद के लिए नामित किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन सहित कई प्रमुख पूर्व रक्षा अधिकारी पिछले वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक यओल के कार्यकाल में मार्शल लॉ लागू करने में अपनी भूमिका के लिए आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। येओल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की गई और उन्हें पद से हटा दिया गया था।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3 :40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38 .1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### आपात स्थिति में उतारा गया एअर इंडिया विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

# अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के मूड में ट्रंप

## अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने फिर दी पलटवार की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### अमेरिकी हमले से फोर्दो स्थल पर भारी क्षति की आशंका

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में अमेरिका द्वारा अत्याधुनिक बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो में ईरान के भूमिगत प्रतिष्ठान को बहुत भारी क्षति होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने वियना में यह बयान दिया। ग्रॉसी ने कहा, उपयोग किए गए विस्फोटक आयुध और सेंट्रीफ्यूज की अत्यधिक कंपन संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, बहुत महत्वपूर्ण क्षति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस समय, आईएईए सहित कोई भी फोर्दो में भूमिगत क्षति का पूर्ण आकलन करने की स्थिति में नहीं है।

### अमेरिकी पर जवाबी कार्रवाई सेना तय करेगी: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया, अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे। इसके बाद भी अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया है।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# नीट यूजी में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने शुरू की कार्रवाई, अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा में हुए थे शामिल

बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

छद्म अभ्यर्थी के तौर पर विकास परीक्षा में कथित तौर पर उत्तीर्ण हो गया और इससे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए गोदारा के लिए सीट सुरक्षित हो गई।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तान: बिलावल भुट्टो

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- चुनावों में हेराफेरी के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

# शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया


- तुहिन पर दर्ज हैं देश के खिलाफ साजिश और राजनीतिक हिंसा भड़काने के मामले

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया। खबर के मुताबिक मुंशीगंज-3 के पूर्व सांसद को राजधानी के मोनिपुरीपाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# मार्च 2026 आजादी के बाद सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी



- गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।

# पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जब चार दिनों के सैन्य टकराव के कारण संबंध खराब हो गए थे। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

**चिंताजनक** विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।



### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।